50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 6.4 °c | अधिकतम 17.8 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 94127-10840, 9368549219 | संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:12, सूर्यास्त : 5:28 | वर्ष : 50/ अंक : 356 | मंगलवार, 27 दिसम्बर 2022 | पौष, शुक्ल पक्ष, पंचमी, सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु. | पृष्ठ-4

आज की अमृतवाणी

अगर खुद में "भलाई" छिपी हो तो दूसरों में "बुराई" कभी नहीं दिखेगी।

मात्र पचास रुपए की रिश्वत मांगने पर सिपाही को निलंबित किया : बलिया



कम पैसे की वजह से निलंबन हुआ या.....

ठंड के चलते स्कूलों में दो दिन की छुट्टी

▶▶ आठवीं तक के स्कूल रहेंगे बंद, बाकी समस्त कक्षाएं समयानुसार चलेंगी
▶▶ धूप के चलते थोड़ी राहत, लेकिन बर्फीली हवाओं का सितम जारी

मुजफ्फरनगर, 26 दिसंबर (बु.)। कोहरे में लिपटी सुबह के बाद दिन में धूप निकली जरूर, लेकिन सनसनाती बर्फीली हवाओं के प्रकोप के बीच लोग ठंड से जूझते रहे। नगर में कल के मुकाबले दिन के तापमान में पांच डिग्री का इजाफा दर्ज किया गया जबकि न्यनूतम तापमान में बहुत मामूली वृद्धि हुई। ऐसे में शीतलहर को देखते हुए जिला प्रशासन ने पहली से कक्षा आठ तक के समस्त स्कूलों में दो दिन का शीतकालीन अवकाश घोषित किया है। इससे ठंड में सिकुड़ते हुए स्कूल जा रहे बच्चों को राहत मिलेगी। दूसरी ओर मौसम विभाग के अनुसार अभी कोहरे और शीत लहर से राहत मिलने के कोई आसार नहीं हैं।

लगातार जारी ठंड जिंदगी को कंपकपा रही है। जैसे-जैसे साल का अंत नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे शीत लहर का असर बढ़ रहा है। कई दिनों से लगातार सुबह गहरे कोहरे के बीच होती है। वहीं, रात में पारा इतना गिर जाता है कि लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। रविवार का दिन तो बिना सूरज के कांपता हुआ बीता। इसके बाद आज प्रशासन ने स्कूलों में दो दिन के अवकाश की घोषणा की। बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला ने बताया कि शीत लहर को देखते हुए कक्षा एक से लेकर आठ तक के सभी स्कूलों में अवकाश रहेगा। जिले के सभी परिषदीय, प्राथमिक, उच्च प्राथमिक मान्यता प्राप्त, मदरसों, सीबीएसई, आईएससी विद्यालयों में 27 और 28 दिसंबर को शीतकालीन अवकाश घोषित किया जाता है। इस अवधि में कोई विद्यालय संचालित पाया जाता है तो संबंधित प्रधानाध्यापक और प्रबंधकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। आठवीं से अधिक के स्कूल समयानुसार खुलेंगे। अभी ठंड से निजात मिलने के आसार नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर-पश्चिम की तरफ से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण कड़ाके की ठंड पड़ रही है। दिन में हल्की धूप जरूर देखने को मिली, लेकिन ठंडी हवाओं का असर भी बरकरार रहा। शीतलहर के चलते लोग दो पहिया वाहन से आवागमन करने से बच रहे हैं। माना जा रहा है कि नए साल तक ठंड की ऐसी ही स्थिति बनी रहेगी। पर्वतीय क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी से मैदानी क्षेत्र में भी सर्द हवाएं असर दिखा रही हैं। यदि दिन का तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला जाता है तो इसे कोल्ड-डे कंडीशन कहा जाता है। रविवार को कोल्ड डे के बाद आज तापमान थोड़ा सुधरा तो जिंदगी में चहल पहल लौटती दिखाई दी। मौसम विभाग का कहना है कि इस सप्ताह कुछ स्थानों पर कोहरा अधिक रहने की संभावना है। सर्द हवाएं भी चलेंगी। ऐसे में ठंड से बचाव बेहद जरूरी है। रात के तापमान में अभी और गिरावट की संभावना है। दिन का तापमान भी सामान्य से कम ही रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में आने वाले कुछ दिनों तक तापमान में खास बदलाव नहीं होगा। वहीं, पश्चिमी हवा से तापमान में दो से तीन डिग्री तक की गिरावट आने की उम्मीद है।पश्चिमी हिमालय के ऊपरी इलाकों में हल्की बर्फबारी हो रही है। 30 और 31 दिसंबर के आसपास एक और पश्चिमी विक्षोभ की आशंका है। इस दौरान मध्यम हिमपात संभव है। इसके चलते नए साल की पूर्व संध्या पर तापमान में एक बार फिर गिरावट आई है। आगे और ठंड व कोहरे की मार जिंदगी को बेहाल करने वाली है।

कोहरे में तमाम रेलगाड़ियां घंटों की देरी से चली

मुजफ्फरनगर, 26 दिसंबर (बु.)। कोहरे का असर सड़क और रेल यातायात पर पड़ रहा है। इसके चलते रेल यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। आज भी नौचंदी, उत्कल, इंदौर व इंटरसिटी गाड़ियां निर्धारित से समय से काफी देरी से यहां पहुंची।

कोहरे के चलते जहां सुबह के समय सड़कों पर यातायात रेंग रहा है, वहीं रेल यातायात भी काफी बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। सोमवार को दिल्ली व सहारपुर व हरिद्वार की रेलगाड़ियां देरी से चल रही हैं। इलाहबाद से आने वाले नौचंदी एक्सप्रेस करीब छह घंटे विलंब से करीब ढाई बजे यहां पहुंची। इंदौर एक्सप्रेस करीब दो घंटे देरी, इंटरसिटी डेढ घंटा, उत्कल एक्सप्रेस तीन घंटा विलंब से पहुंची। अन्य रेलगाड़ियों पर भी कोहरे का असर नजर आ रहा है। इसके चलते दैनिक यात्रियों समेत तमाम यात्रियों को कड़ाके की ठंड में भरी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में छोटी दूरी के यात्री तो वैकल्पिक व्यवस्था कर बसों आदि से अपने गंतव्य की ओर जा रहे हैं, लेकिन लंबी दूरी के यात्रियों को रेलगाड़ियों की इंतजार में काफी लंबा वक्त रेलवे स्टेशन पर गुजारना पड़ रहा है।

दिल्ली एयरपोर्ट पर चार यात्री कोरोना संक्रमित

नई दिल्ली, 26 दिसंबर (वार्ता)। दिल्ली एयरपोर्ट पर सोमवार को चार यात्री कोरोना संक्रमित पाए गए। ये यात्री म्यांमार से आए थे। इन्हें राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इससे पहले रविवार को एयरपोर्ट पर दो यात्री भी कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। उन मरीजों को दिल्ली सरकार के नियमों के तहत आइसोलेट कर दिया गया है। रविवार देर रात तक एयरपोर्ट पर 450 यात्रियों की कोरोना जांच हुई। इनमें आधे फीसदी से कम यात्री संदिग्ध पाए गए। जबकि दो मरीज की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। वैश्विक स्तर पर कोरोना के नए वेरिएंट के मामले सामने आने के बाद एक बार फिर से आईजीआई एयरपोर्ट पर जांच शुरू की गई है। एयरपोर्ट पर जांच कर रही जेनस्ट्रिंग्स डायग्नोस्टिक सेंटर की संस्थापक डॉ. गौरी अग्रवाल ने कहा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी निर्देश के बाद आईजीआई हवाई अड्डे पर आ रहे दो फीसदी यात्रियों की जांच की जा रही है। आईजीआई, दिल्ली हवाई अड्डे पर औसतन करीब 25 हजार यात्री आते हैं, जिनमें से 500 यात्रियों का परीक्षण किया जा रहा है। पहले दिन के अंत तक जेनेस्ट्रिंग्स ने लगभग 110 परीक्षण किए थे। रविवार तक जांच का आंकड़ा बढ़ कर 450 हो गया। इनमें दो यात्री कोरोना पॉजिटिव पाए गए। वहीं इनमें आधे फीसदी से भी कम यात्री संदिग्ध पाए जा रहे हैं।

चीन में लाशों से भर गए सैंकड़ों कोल्ड स्टोरेज

नई दिल्ली, 26 दिसंबर (वार्ता)। चीन के अस्पतालों और अंतिम संस्कार स्थलों पर लाशें रखने के लिए जगह तक नहीं बची है। बड़ी संख्या में लाशों से कोल्ट स्टोरेज भी भर गए हैं। युक्वैनिंग शहर के एक मीट कोल्ट स्टोरेज में सबसे ज्यादा 15 हजार लाशें रखी गई हैं।

चीन की कम्युनिस्ट सरकार ने कई शहरों में लाशों को रखने के लिए कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था करनी शुरू कर दी है। कई बड़े-बड़े कंटेनर भी मंगाए गए हैं, जिनमें लाशों को रखा जा रहा है। चीन से कई ऐसी तस्वीरें सामने आई हैं, जो बेहद दर्दनाक हैं। आइए जानते हैं चीन की ताजा हालत क्या है? चीन में कोरोना मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, लगभग हर शहर में हजारों मरीज रोज मिल रहे हैं। पूरे देश के आंकड़े देखें तो एक करोड़ से अधिक संक्रमितों की पहचान प्रतिदिन हो रही है। शुक्रवार को 24 घंटे के अंदर रिकॉर्ड 3.70 करोड़ मरीजों की पहचान हुई थी। इसके पहले 20 दिसंबर को 3.69 करोड़ से अधिक मरीज पाए गए थे।

एक दिसंबर से 20 दिसंबर के बीच 24 करोड़ 80 लाख से ज्यादा लोग कोरोना की चपेट में आ चुके हैं। कोरोना का कहर इस कदर हावी है कि हर रोज आठ से दस हजार लोगों की मौत हो रही है। रविवार 25 दिसंबर को 24 घंटे के अंदर 16 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। अकेले बीजिंग में आठ हजार लोगों की मौत हुई। इसके पहले 21 दिसंबर को सबसे ज्यादा 10 हजार 700 लोगों की मौत बीजिंग में हुई थी। पूरे चीन में हर रोज 10 से 18 हजार लोगों की जान जा रही है।

मदर डेयरी दूध की कीमतों में की दो रुपए की बढ़ोतरी

नई दिल्ली, 26 दिसंबर (वार्ता)। मदर डेयरी ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में उपभोक्ताओं को बड़ा झटका देते हुए फुल क्रीम, टोन्ड और डबल टोन्ड दूध की कीमतों में दो रुपये की वृद्धि कर दी है। ये दरें मंगलवार से लागू होंगी। वहीं, गाय के दूध और टोकन मिल्क की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इससे पहले नवंबर में मदर डेयरी ने फुल क्रीम दूध की कीमत एक रुपये प्रति लीटर और टोकन दूध की कीमत दो रुपये प्रति लीटर बढ़ाने का फैसला किया था। बता दें कि मदर डेयरी वर्ष 2022 में दूध की कीमतें पांच बार बढ़ा चुका है। ताजा बढ़ोतरी से पहले मार्च, अगस्त,अक्तूबर और नवंबर महीने में कीमतें बढ़ाई गई थी। बार-बार बढ़ रही कीमतों पर आम लोगों का कहना है कि दूध जैसी जरूरी चीज अब गरीबों की पहुंच से बाहर होती जा रही है।

आज आर या पार, प्रशासन और प्रत्याशी सभी तैयार

▶▶ हाईकोर्ट के फैसले को लेकर लाखों खर्च करने वाले संभावित उम्मीदवारों की बढ़ी है धड़कन ▶▶ नगर निकाय आरक्षण पर कोर्ट से आना है फैसला, व्यवस्था बदली तो ढेर सारों के चकनाचूर हो जायेंगे सपने

मुजफ्फरनगर, 26 दिसंबर (बु.)। नगर निकाय चुनाव में आरक्षण व्यवस्था को लेकर हाईकोर्ट के कल (आज) आने वाले फैसले का हर किसी को बेसब्री से इंतजार है। चुनाव कब होंगे, आरक्षण चक्र बदलेगा या नहीं, इन्हीं तमाम सवालों में उम्मीदवारों के साथ मतदाता भी उल-ो हुए हैं। सबसे ज्यादा धड़कनें उन उम्मीदवारों की बढ़ी हुई हैं, जो मतदाताओं को लुभाने के लिए लाखों-लाखों रुपये बहा चुके हैं। यदि आरक्षण व्यवस्था में बदलाव हुआ तो उनके सपने भी टूटकर बिखर जायेंगे। आर या पार के इस फैसले को लेकर हर कोई तैयार नजर आ रहा है।

शासन जनवरी के पहले सप्ताह में निकाय चुनाव प्रस्तावित करके चल रहा था। उसी के मुद्देनजर प्रशासन ने भी अपनी तैयारियां शुरू कर दी थी, लेकिन आरक्षण व्यवस्था को लेकर दायर हुई याचिकाओं के चलते मामला कानूनी पेचीदगियों में फंस गया। इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में इन याचिकाओं पर सुनवाई का दौर भी लंबा चला। इसी बीच हाईकोर्ट में शीतकालीन अवकाश भी घोषित हुआ और अवकाश के दिन ही शनिवार को हाईकोर्ट की बेंच ने लंबी बहस के बाद अपना फैसला 27 दिसंबर तक के लिए सुरक्षित कर लिया। मंगलवार को हाईकोर्ट आरक्षण व्यवस्था को लेकर अपना फैसला सुनाएगा। फैसला किसके हित में होगा, यह तो आदेश आने के बाद ही साफ हो पायेगा। फिलहाल संभावित उम्मीदवारों में सबसे ज्यादा बैचेनी है। क्योंकि नगर पंचायतों में ऐसे उम्मीदवारों की संख्या बहुत ज्यादा है, जो अभी से शासन के द्वारा अधिसूचित आरक्षण को अपने हित में मानकर मतदाताओं को लुभाने के लिए कोई भी कसर बाकी नहीं छोड़ रहे हैं। कई प्रत्याशी तो ऐसे हैं, जो चुनाव लड़ने से पहले ही अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिए लाखों रुपये खर्च कर चुके हैं। मतदाता भी बहती इस गंगा का खूब मजा लूट रहे हैं। इस चुनावी सरगर्मी में भावी प्रत्याशियों के द्वारा लुटाई जा रही मुहब्बत के बीच मतदाता कहीं दावतों का दौर लूटने में व्यस्त हैं तो कहीं मतदाताओं को लुभाने के लिए अभी से उपहारों का बाजार सजा दिया गया है। ऐसे प्रत्याशियों में सबसे ज्यादा टेंशन देखी जा रही है, क्योंकि यदि आरक्षण व्यवस्था में कोई भी बदलाव हुआ तो उनका पूरा खेल बिगड़ जायेगा। शासन की आरक्षण व्यवस्था लागू होने के बाद चुनाव से बाहर हुए दूसरे उम्मीदवार भी अब सक्रिय हो गये हैं। उन्हें लगने लगा है कि उनकी किस्मत भी जाग सकती है। इस कारण हर नगर पंचायत और पालिका में समीकरण उलट पुलट हो गये हैं। हाईकोर्ट के फैसले के बाद ही असमंजस की स्थिति साफ हो पायेगी। क्या चुनाव पुरानी आरक्षण व्यवस्था पर ही होगा? या फिर आरक्षण चक्र में किसी तरह का बदलाव होगा?

अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त अस्पताल ...

एस.के.बी. आरोग्यम्

मल्टी स्पेशिलिटी हैल्थकेयर (हॉस्पिटल)

अपने संस्थापक

स्व. श्री सुशील कुमार बंसल जी

के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि स्वरूप आयोजित

नि:शुल्क परामर्श — महा चिकित्सा शिविर

दिनांक: बृहस्पतिवार, 29 दिसम्बर 2022 ● समय: प्रात: 10 से दोपहर 2 बजे तक

रजिस्ट्रेशन: प्रात: 8 से प्रात: 11 तक

आँखों का नि:शुल्क विराट शिविर ➡ वरदान धर्मार्थ नेत्र सेवा संस्थान (रजि0) एवं वरदान सेवा संस्थान, गाजियाबाद।

शिविर में आने वाले सभी नेत्र रोगियों की जांच के बाद-

- जरूरी दवाई मौके पर मुफ्त दी जायेगी (आंखो की)।
- मोतियाबिंद पाये जाने पर रोगी को संस्थान की बस द्वारा कैम्प से ही गाजियाबाद ले जाकर आधुनिक आई.ओ.एल. विधि से लैंस लगाते हुए ऑपरेशन किया जायेगा तथा अगले दिन सुबह रोगी को वापिस जानसठ रोड पर ही छोड़ा जायेगा, कोई तीमारदार साथ जाने की न जरूरत है और न साथ जा सकेगा।
- जाँच, लैंस, ऑपरेशन, गाजियाबाद ले जाना व वापिस छोड़ना तथा रात्रि का खाना व विश्राम की व्यवस्था सभी पूर्णत: नि:शुल्क रहेगी।
- अपने गांव से हॉस्पिटल जानसठ रोड तक आने तथा हॉस्पिटल जानसठ रोड से अपने गांव वापिस लौटने की व्यवस्था रोगी को स्वयं करनी होगी।
- ऑपरेशन कराने वाले व्यक्ति का और साथ में तीमारदार का मोबाइल नं. होना आवश्यक है।

रक्तदान शिविर (रक्तदान महादान), आइये इस शिविर में रक्तदान भी करें

शिविर में उपलब्ध विशेषज्ञ डॉक्टर्स

डॉ. एम.के. बंसल, सीनियर फिजिशियन

डॉ. शिशिर कुमार, सीनियर फिजिशियन | डॉ. सोमेश कुमार गुप्ता, M.S. (हड्डी रोग)

डॉ. आर.के. भारद्वाज, M.S. (नाक, कान, गला रोग) | डॉ. संदीप काले, DNB, FNB (जनरल सर्जरी)

डॉ. रोहित व्यवहारे, M.D., FCCM (फिजिशियन) | डॉ. दीपिका नेगी, M.S. (स्त्री व प्रसूति रोग)

नि:शुल्क सेवाएँ: सभी परामर्श, हाइट, वेट, शुगर, बी.पी., ई.सी.जी., पी.एफ.टी., बी.एम.डी.

50% छूट: मैडिसिन, पैथोलॉजी व रेडियोलॉजी

इमरजेंसी में कोई भी डॉक्टर जा सकता है।

आयोजक: प्रबंध समिति, शिशु निकेतन (रजि.), मुजफ्फरनगर

इमरजेंसी सुविधा इस शिविर में लागू नहीं है।

निकट स्टेपिंग स्टोन्स स्कूल, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर 7300740070, 7300740072

वीर शहीदों के त्याग, बलिदान एवं समर्पण को

कोटि-कोटि नमन

श्री गुरू गोविन्द सिंह साहिब जी महाराज के चार साहिबज़ादों एवं माता गुजर कौर जी की शहादत को समर्पित

वीर बाल दिवस के अवसर पर

सफ़र-ए-शहादत कार्यक्रम

27 दिसम्बर, 2022, दिन - मंगलवार, समय - प्रात: 11:30 बजे

एम.जी. पब्लिक स्कूल

सरकुलर रोड, मुज़फ़्फ़रनगर

अमृत योजना में कैराना को तीन वाटर टैंक

कैराना 26 दिसंबर (बु.)। अमृत टू पॉइंट जीरो के तहत शहर में लाखो रुपए की कीमत से विकास कार्य होंगे,जिसमे तीन नए वाटर टैंक बनाए जाएंगे। उसी के लिए सर्वे का कार्य किया जा रहा है। दरअसल केंद्र सरकार के आदेश पर घर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने का अभियान जोरो पर है। मोदी सरकार इस अभियान पर पूरा ध्यान दे रही है। इसी के तहत कैराना में भी दिल्ली से आई टीम ने सर्वे शुरू कर दिया है। जिसके लिए अब टीम वाटर लेवल भी चेक कर रही है। वही नगर के मोहल्ला अंसारियन कायस्थवाडा,नवाब तालाब बस्ती,सहित आदि पर सर्वे किया गया। वही पालिका में तैनात रविंद्र कुमार ने बताया की अमृत टू योजना के तहत कार्य कराया जा रहा है। उनका कहना है की पेयजल की व्यवस्था की जा रही है जहां नही सप्लाई है उसको चिन्हित कर तीन नए टैंक बनाए जाएंगे ताकि एरिया पूरा कवर हो सके।

एमसीडी मेयर-डिप्टी मेयर पद पर नामांकन

नई दिल्ली, 26 दिसंबर (वार्ता)। दिल्ली नगर निगम के मेयर और डिप्टी मेयर पदों के लिए सोमवार को आप उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल कर दिया है। मेयर पद के लिए शैली औबेरॉय और डिप्टी मेयर के लिए आले मोहम्मद इकबाल ने नामांकन किया है। नामांकन के दौरान पार्टी नेता सौरभ भारद्वाज, दुर्गेश पाठक और आदिल खान भी मौजूद थे। दरअसल, आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार के रूप में कई नाम राजनीतिक मामलों की समिति के सामने आए थे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर शुक्रवार को बैठक हुई थी। इसमें शैली ओबेरॉय का नाम मेयर पद के लिए सबसे शीर्ष पर था। शैली ओबेरॉय पटेल नगर से पार्षद चुनी गई हैं। मटिया महल से पार्षद चुने गए आले मोहम्मद इकबाल को डिप्टी मेयर पद के लिए चुना गया है। साथ ही चार स्टैंडिंग कमेटी मेंबर भी चुने गए। इसमें करावल नगर से पार्षद आमिल मलिक, हरि नगर से रमिंदर कौर, सीमापुरी से पार्षद मोहिनी जीनवाल, जंगपुरा से पार्षद सारिका शामिल हैं।

सपाईयों पर हो रहे -ूठे मुकदमे: अखिलेश

झांसी, 26 दिसंबर (वार्ता)। सोमवार को झांसी पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने तीन माह से जेल में बंद सपा के पूर्व विधायक दीपनारायण सिंह यादव से जेल में तकरीबन आधे घंटे मुलाकात की। बाहर आकर उन्होंने भाजपा की प्रदेश और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार ने न्याय व्यवस्था खत्म कर दी है, इस सरकार से न्याय की उम्मीद नहीं की जा सकती है। सपा कार्यकर्ताओं को चिन्हित कर षड्यंत्र के तहत झूठे मुकदमे लगाकर जेल भेजा जा रहा है। अधिकारियों पर दबाव बनाकर भाजपा सरकार ने पूर्व विधायक दीप नारायण यादव को जेल भेजने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में फरुखाबाद में एक लाख से अधिक बेरोजगारों ने अग्निवीर की परीक्षा दी थी, नौकरी सिर्फ 200 को मिल पाई है। सीमा पर चीन भारत में घुसता चला रहा है और बाजार भी उसके हवाले कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अभी मैनपुरी में मिली हार से उबर नहीं पाई है। बता दें कि पूर्व विधायक दीपनारायण यादव पिछले तीन महीनों से जेल में बंद हैं।

सलमान ने प्रभु राम से की राहुल की तुलना

अमरोहा, 26 दिसंबर (वार्ता)। अमरोहा के गजरौला में कांग्रेस नेता पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद व प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि कांग्रेस पर देश के बंटवारे का आरोप वह पार्टी लगा रही है, जिसके किसी भी नेता ने देश की आजादी के लिए एक डंडा तक नहीं खाया। हमको हर हाल में आजादी चाहिए थी, इसलिए दुखी मन से विभाजन का निर्णय स्वीकार करना पड़ा। कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने भारत जोड़ो यात्रा कर रहे सांसद राहुल गांधी की तुलना भगवान राम से की। उन्होंने कहा कि भगवान राम की खड़ाऊ बहुत दूर तक जाती हैं। कभी-कभी जब कहीं नहीं पहुंच पाते हैं तो भरत उनकी खड़ाऊ लेकर उन स्थानों पर जाते हैं। इसी तरह उनके खड़ाऊ लेकर हम यूपी में आए हैं। अब वह खड़ाऊ यूपी में आ गए हैं तो राम जी (राहुल गांधी) भी आएंगे। उन्होंने आगे कहा, "राहुल गांधी महामानव हैं। जहां सर्दी में हम लोग जमे जा रहे हैं और जैकेट पहन रहे हैं, वहीं वह टी-शर्ट पहनकर (भारत जोड़ो यात्रा में) चल रहे हैं। वह एक योगी की तरह ध्यान लगाकर तपस्या कर रहे हैं।"

कांस्टेबल ने मायके जाकर बीवी को पीटा

मेरठ, 26 दिसंबर (वार्ता)। पुलिस लाइन में तैनात तीन तलाक के आरोपी कांस्टेबल शौहर पर गंभीर आरोप लगाते हुए सोमवार को पीड़ित महिला एसएसपी ऑफिस पहुंची। महिला ने एसएसपी के सामने शौहर के काले कारनामों का खुलासा करते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस के मुताबिक, मूल रूप से संभल की रहने वाली शाजिया सोमवार को एसएसपी ऑफिस पहुंची। शाजिया ने बताया कि उसकी शादी एक साल पहले मुरादाबाद के रहने वाले नौशाद के साथ हुई थी। उस समय नौशाद मेरठ के ब्रह्मपुरी थाने में तैनात था और माधवपुरम सेक्टर चार में रहता था। शाजिया का कहना है कि निकाह के बाद उसे पता चला कि नौशाद के एक महिला के साथ अवैध संबंध हैं। जिसका विरोध करने पर नौशाद ने शाजिया के साथ मारपीट शुरू कर दी और तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया।

68 पव्वे अवैध शराब बरामद, चार आरोपी दबोचे

लूट की वारदात में वांछित फरार आरोपी को भी किया गिरफ्तार, भेजे गए जेल

बुढ़ाना 26 दिसंबर (बु.)। पुलिस ने बिजली प्लांट पर हुई लूट की घटना का खुलासा कर बीते दिन 8 बदमाश जेल भेजे थे। अब इस घटना में फरार एक लुटेरे को लूट के सामान समेत पकड़ा है। पुलिस ने अवैध शराब के 68 पव्वें बरामद कर दो अन्य लोगों को पकड़ा है, जबकि एक वांछित बदमाश को भी पकड़ा है।

बीती 16 दिसम्बर को बायवाला चौकी क्षेत्र में 2 गार्डों को बंधक बनाकर 20 लाख रुपए की संपत्ति कुछ बदमाशों ने लूटी थी, जिसमें बुढ़ाना कोतवाल बृजेश कुमार शर्मा द्वारा बीते दिनों उक्त घटना का खुलासा कर 8 बदमाशों को लूटे गए माल के साथ अरेस्ट किया गया था। अब फिर पुलिस ने लूट में फरार कासिम पुत्र मुस्तकीम कायस्थवाड़ा मेरठ को किठौर क्षेत्र से पकड़ा, उससे हाइटेंशन लाइन का 125 किलो एल्यूमीनियम का मोटा तार बरामद किया। इसे क्राइम इंस्पेक्टर सुरेन्द्र सिंह ने दारोगा जय सिंह भाटी, हैड कांस्टेबल वकार खान, कांस्टेबल रमन कुमार, थाना किठौर के हैड कांस्टेबल विजय व कांस्टेबल दिनेश की मदद से पकड़ा है। कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार ने हैड कांस्टेबल प्रेमचंद शर्मा व कांस्टेबल विनय कुमार की मद्द से समून पुत्र इसराइल गांव जौला को अवैध शराब के 44 पव्वों के साथ और गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी प्रभारी संजय सिंह ने हैड कांस्टेबल रवि खन्ना, कांस्टेबल सुमित कुमार व कांस्टेबल अनिल की मद्द से मुकेश कुमार पुत्र अतर सिंह गांव जौला को पकड़कर उसके पास से अवैध शराब के 24 पव्वें बरामद किये। उधर परासौली पुलिस चौकी प्रभारी सेंसर पाल मलिक ने हैड़ कांस्टेबल शिव कुमार की मदद से वांछित अंकुर पुत्र जसरथ ग्राम राजपुर छाजपुर को पकड़ा है।

फोटो बुलेटिन — पुलिस हिरासत में आरोपी व्यक्ति।

धर्मस्थल के लाउडस्पीकर की आवाज पर फिर शिकंजा, कोतवाल ने किया आगाह

बुढ़ाना 26 दिसंबर (बु.)। स्थानीय कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार शर्मा ने कहा कि किसी भी एक धर्मस्थल में केवल एक ही लाउडस्पीकर हो और उसकी आवाज भी मानक अनुरूप हो। निरीक्षक शर्मा सोमवार को बुढ़ाना कोतवाली परिसर में बुढ़ाना कस्बे व क्षेत्र के मुस्लिम धर्मगुरुओं की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों के ऊपर ऊंचे गुंबदों और मीनारों पर केवल एक ही लाउडस्पीकर लगाया जाएगा और उसकी ध्वनि भी सीमित ही रहेगी। धर्मस्थलों में शासन की गाइडलाइन्स के आधार पर ही ध्वनि यंत्रों का प्रयोग किया जाएगा। उन्होंने कस्बे और क्षेत्र के समस्त धर्मस्थलों पर लगे अतिरिक्त लाउडस्पीकर उतरवाने के निर्देश धर्मगुरुओं को दिए। उन्होंने धर्मगुरुओं के साथ बैठक करके आग्रह किया कि किसी धर्मस्थल के ऊपर 2 लाउडस्पीकर न लगाए जायें। किसी भी धर्मस्थल के ऊपर एक लाउडस्पीकर लगा हैं, तो उसकी आवाज भी मानक के अनुरूप ही की जाए। यहां एसएसआई शैलेन्द्र सिंह, बुढ़ाना कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार, जमियत उलेमा ए हिन्द के जिला मीड़िया प्रभारी आसिफ कुरैशी, राशिद अजीम, मुफ्ती आजाद, कारी तौफीक, मौलाना आकिल अहमद, हाफिज अल्ला मेहर सिद्दीकी, हाफिज कामिल, मौलाना महबूब, रजा अब्बास, नवाब हुसैन आदि उपस्थित रहे।

बुढ़ाना थाने में की गई मीटिंग, कोतवाल ने धर्मगुरूओं को दिए आवश्यक निर्देश

एसडी कॉलेज ऑफ लॉ में गुरू गोविन्द सिंह के वीर बालकों को दी श्रद्धांजलि

मुजफ्फरनगर, 26 दिसंबर (बु.)। शहर के भोपा रोड स्थित एसडी कॉलेज ऑफ लॉ में वीर बालक शहीद दिवस पर सिख गुरू गोविन्द सिंह के पुत्रों को भावभीनी श्रद्धांजलि देकर उनके बलिदान के ऐतिहासिक कारणों को जाना।

कॉलेज निदेशक मंजू मल्होत्रा ने कहा कि पंजाब चमकौर युद्ध भारत के इतिहास में भारतीय वीरता के लिए और मुगल सेना के नृशंस अत्याचारों के लिए जाना जाता है। प्राचार्या डॉ. रेणु गर्ग ने कहा कि हम सभी को ऐतिहासिक, धार्मिक घटनाक्रम को ध्यान में रखना चाहिए और महापुरुषों के प्रति नतमस्तक होना चाहिए। डॉ. मुकुल गुप्त ने कहा कि चमकौर का युद्ध दिसम्बर 1704 को लड़ा गया और इस युद्ध में वजीर खान के नेतृत्व में लगभग 10 लाख मुगल सैनिक थे, दूसरी ओर गुरू गोविन्द सिंह के नेतृत्व में 50 योद्धा से भी कम थे। इस युद्ध में गुरू गोविन्द सिंह के दो पुत्र साहिबजादा अजित सिंह, साहिबजादा जुझार सिंह शहीद हो गए थे, परन्तु मुगल सेना गुरू गोविन्द सिंह को पकड़ नही सकी। दो पुत्रों जोरावर सिंह और फतेह सिंह को भी मुगल सत्ता के द्वारा दीवार में जिंदा चिनवा दिया गया था। वीर बालकों के प्रसंग को सुनकर छात्र छात्राओं ने वीर बालकों को अपना प्रेरणास्रोत मानकर संकल्प लिया कि वे आगामी समय में आने वाले एतिहासिक प्रसंगों पर अपनी सहभागिता दिखायेंगे। डॉ. मुकुल गुप्ता, अमित कुमार, प्रीति लौर, पूनम शर्मा, बीता गर्ग, अभिनव गोयल, अनीता सिंह, अमित त्यागी, वैभव कश्यप, गरिमा तोमर, अमित भारद्वाज, छवि जैन, विपुल कुमार, प्रदीप सिंघल, संतोष शर्मा, अभिनव अग्रवाल, उमेश त्रिपाठी, प्रीति दीक्षित, संजीव कुमार, शुभम सिंघल, विवेक सिरोही, शिवानी धीमान आदि उपस्थित रहे।

फोटो बुलेटिन — विद्यार्थियों को चमकौर युद्ध की जानकारी देते वक्तागण।

नि:स्वार्थ सेवा करने वाला ही सच्चा लायन: कुंज बिहारी

खतौली 26 दिसंबर (बु.)। अम्बर पैलेस में लायन्स क्लब की चार्टर नाइट व मंडलीय गवर्नर की अधिकारिक यात्रा कार्यक्रम में क्लब के मंडलीय गर्वनर कुंज बिहारी अग्रवाल ने क्लब के उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि सेवा कार्यो से मानव को सच्चे सुख की अनुभूति होती हैं तथा उसके द्वारा निःस्वार्थ किये गये। इस सेवा को लेकर ईश्वर का स्वतः ही आशीर्वाद प्राप्त हो जाता है। सेवा कार्यो में निष्ठापूर्वक निःस्वार्थ सहभागिता निभाने वाला ही सच्चा लायन है।

क्लब अध्यक्ष पीयूष जैन ने सेवा कार्यो में दिये जा रहे सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। क्लब के सचिव अर्जुन गुप्ता द्वारा क्लब की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। क्लब के चार्टर सदस्य लायन डॉ. अशोक सिंघल को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मंडलीय गवर्नर रजनीश गोयल, गौरव गर्ग, उप मंडलीय गर्वनर पंकज बिजलवाण ने विचार व्यक्त किए। संयोजक सुनील जैन ने आभार जताया। उमेश कुमार, विनीत जैन, पीयूष जैन, वीनू जैन, मिनाक्षी जैन सहित लायंस बंधु व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

गोल्डन पब्लिक स्कूल में चार साहिबजादों के बलिदान का चलचित्र पर किया प्रदर्शन

प्रश्नोत्तरी परीक्षा में बच्चों ने प्रतिभाग कर दिए जवाब

फोटो बुलेटिन — वीर बालक दिवस पर चमकौर युद्ध पर गुरू गोविंद सिंह के बलिदान के लिए चलचित्र पर इतिहास जानते जीपीएस के छात्र।

मुजफ्फरनगर, 26 दिसंबर (बु.)। पचैंडा रोड स्थित गोल्डन पब्लिक स्कूल के सभागार में चार साहिबजादे मूवी को प्रदर्शित किया गया, जिसे कक्षा प्रथम से पांचवी तक के छात्र-छात्राओं ने देखा और उसके पश्चात उन्होंने एक प्रश्नोत्तरी में प्रतिभागिता की। इसमें सिखों के दशम गुरू गुरूगोविंद सिंह और मुगल सेना के बीच आनंदपुर साहिब किले के लिए रक्त रंजित संघर्ष का वर्णन है।

मुगल जब किले में प्रवेश नहीं कर पाए तो उन्होंने गुरूजी को सुरक्षित निकल जाने की शर्त देकर राजनीतिक चालाकी दिखायी। गुरू गोविंद सिंह मुगलों के कपट को भांप गये, किंतु आगे के रक्तपात को रोकने के लिए वे किला छोड़ने पर सहमत हो गये। उनके वीर पुत्र जोरावर सिंह और फतेह सिंह अपनी दादी माता गुजरी के साथ वहीं रह गए, जिन्हें मुगलों ने कैद कर लिया। इन्हें धर्म परिवर्तन न करने पर 26 दिसंबर 1704 ईस्वी में जीवित दीवार में चिनवा दिया गया। राष्ट्र वीर बाल दिवस पर उन वीर शहीदों को नमन करता है।

वर्ल्ड विजन में छात्रों को दिया प्रशिक्षण

फोटो बुलेटिन — कार्यक्रम में अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत करते वर्ल्ड विजन स्कूल के छात्र व अवलोकन करते अतिथि।

मुजफ्फरनगर, 26 दिसंबर (बु.)। रचनात्मक गतिविधियाँ बच्चे के बौद्धिक और संज्ञानात्मक विकास में मदद करती हैं। इसी क्रम में आगे बढ़ते हुए एमजी वर्ल्ड विजन स्कूल में स्किल हब मैस्कॉट क्लब के छात्रों द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस क्लब का उद्धेश्य छात्रों को दैनिक जीवन की माँगों और चुनौतियों से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए सक्षम बनाना है। इन्ही चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए क्लब के सदस्यों ने छात्रों द्वारा अनेक प्रकार के खेल व व्यंजनों के स्टॉलस लगवाए, जिससे छात्रों ने लाभ व हानि के विषय में जाना। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. मृणालिनी अनंत ने बताया कि स्किल हब मैस्कॉट छात्रों को अपने समुदायों में भागीदारी करने, निरंतर सीखने की प्रक्रिया में संलग्न होने, स्वयं की रक्षा करने और स्वस्थ एवं सकारात्मक सामाजिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिये सक्षम बनाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्किल हब मैस्कॉट के संचालक वंदना गुप्ता, सीपिका भार्गव और साक्षी गाबा का विशेष योगदान रहा।

बुढ़ाना नगर पंचायत ने अलाव जलाए

बुढ़ाना 26 दिसंबर (बु.)। बेसहारा व्यक्तियों को शीतलहर, ठंड और पाले से बचाने के लिए बुढ़ाना नगर पंचायत क्षेत्र में अलाव जलाने के साथ-साथ रेन बसेरा भी संचालित कर दिया गया। इसकी हकीकत परखने को सोमवार की देर सायं बुढ़ाना नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सुधीर कुमार मिश्रा के निर्देश पर लिपिक सतीश पंवार व उनकी टीम द्वारा जहां-जहां पर नगर पंचायत द्वारा अलाव जलवाने की व्यवस्था की गई है, उन स्थलों का निरीक्षण किया गया। रैन बसेरा के भी हालात देखें गये, जिसमें सब कुछ सही पाया गया। सभी स्थानों पर अलाव जलते मिले।

ईओ मिश्रा ने बताया कि बेसहारा व्यक्तियों को शीतलहरी ठंड और पाले से बचाने के लिए नगर पंचायत बुढाना द्वारा नगर के 10 मुख्य स्थानों पर सुबह और शाम जो अर्धरात्रि तक जलते हैं अलाव जलवाये जा रहे हैं तथा आश्रयहीन व्यक्तियों के लिए बुढ़ाना नगर पंचायत कार्यालय में महिला और पुरूषों के लिए अलग से रैन बसेरे की व्यवस्था की हुई है, जिसमें गद्दे, कम्बल, अलाव, स्नानागार और शौचालय आदि की भी उचित व्यवस्था की गई है।

श्रीराम कॉलेज की छात्राओं का शूटिंग में जलवा

फोटो बुलेटिन — शूटिंग प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों के साथ श्रीराम कॉलेज की स्वर्ण विजेता छात्राएं।

मुजफ्फरनगर, 26 दिसंबर (बु.)। माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर की दो दिवसीय अंतरमहाविद्यालय निशानेबाजी प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांधला में किया गया। टीम स्पर्धा में 10 मीटर एयर पिस्टल महिला वर्ग, 25 मीटर स्पोर्ट्स महिला में बीपीएड प्रथम वर्ष की छात्रा नेहा तोमर ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक पाया। 10 मीटर एयर राइफल महिला में नेहा ने प्रतियोगिता में सबसे अधिक अंक बनाते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

श्रीराम कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह दो दिवसीय निशानेबाजी प्रतियोगिता में खेली गई, जिसमें माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय से संबद्ध 17 महाविद्यालयों के लगभग 40 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। श्रीराम कॉलेज की शारीरिक शिक्षा विभाग की छात्राओं ने निशानेबाजी की 03 इवेन्ट में स्वर्ण पदक प्राप्त किये। विजयी छात्राएं माँ शाकुम्भरी निशानेबाजी टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। महाविद्यालय आगमन पर छात्राओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल, निदेशक डॉ. अशोक कुमार और कॉलेज के कोषाध्यक्ष देवेन्द्र चौधरी ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्राओं को बधाई दी। शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार, प्रवक्ता भूपेन्द्र कुमार, डॉ. अब्दुल अजीज खान, संदीप कुमार, अमरदीप, प्रशान्त तथा तरूण ने भी विजीय छात्राओं को बधाई देते हुए उनके प्रदर्शन की सराहना की।

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 26 दिसंबर, (बु.)। मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव ये रहे:- ढैया-1280, रसकट ढैया-950-980, चाकू 1120-1266, लड्डू 1150-1280, खुरपापाड़ 1120-1140, शक्कर मसाला 1280-1300।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 26 दिसंबर, (बु.)।
सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहे:-
सोना- 53,000 चांदी-65,000
सिक्का- 750 गिन्नी- 41,000

आपका आज का राशिफल

मंगलवार, 27 दिसंबर, 2022

मेष- प्रतिकूल परिस्थितियों पर विजय, कार्य-व्यवसाय में विस्तार, भाग्योदय का मार्ग प्रशस्त, आय के स्त्रोत उपस्थित, जनकल्याण की भावना, यात्रा सुखद।
वृषभ- योजना साकार होने को, बकाए धन की प्राप्ति, नवीन योजना के प्रति रुचि जागृत, वैवाहिक जीवन सुखमय, आपसी गलतफहमियां दूर, नवसम्पर्क से लाभ।
मिथुन- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, भोग-विलासिता में रुझान, सुसमाचार की प्राप्ति, पारिवारिक खुशी।
कर्क- कार्यों में गतिरोध, व्यक्ति विशेष से विश्वासघात की आशंका, जीवन साथी से सहयोग, आय की तुलना में व्यय अधिक, पठन-पाठन में अरुचि, विवाद भी।
सिंह- सिद्धि का प्रयास, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, नवउत्तरदायित्व का निर्वाह, निजी जिन्दगी में महत्वपूर्ण घटना घटित, धन संचय की ओर प्रवृत्ति।
कन्या- कार्यों में सफलता, व्यावसायिक क्षेत्र में नवपरिवर्तन, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुयोग, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, प्रसन्नता भी।
तुला- बुद्धि-चातुर्य से संकल्प-सिद्धि, स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार, साहसिक प्रयास प्रगति पर, रचनात्मक क्रियाकलापों में रुचि, व्यावसायिक उन्नति प्रशस्त।
वृश्चिक- समय असंतोषजनक, मनोबल में कमी, व्यापारिक क्षति, उन्नति में बाधा, झूठे आश्वासनों से कष्ट, सहयोगियों से असहयोग, प्रेम सम्बन्धों में प्रतिकूलता।
धनु- चिरवांछित कार्य बनने से प्रसन्नता, शत्रु हानि पहुँचाने में विफल, आत्मिक शांति, यात्रा का प्रसंग, परीक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सफलता, बुद्धि का विकास।
मकर- स्वास्थ्य सुधार पर, सोचे हुए कार्य पूर्णता की ओर, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क, मित्रों से सहयोग, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, स्थान परिवर्तन कार्यक्रम।
कुम्भ- व्यापारिक प्रगति, व्यक्तिगत समस्याएं सुलझने की ओर, वैमनस्यता का समापन, दाम्पत्य जीवन मधुर, उल्लासमय वातावरण, विवाद का समापन, लाभ भी।
मीन- दैनिक कार्यों के प्रति उदासीनता, योजना अधूरी, जल्दबाजी में निर्णय हानिकारक, बढ़ते हुए खर्च से परेशान, पठन-पाठन से अरुचि, वाहन से भय।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

आर्य एकेडमी में सुनाई वीर बालकों की गाथा

फोटो बुलेटिन — आर्य एकेडमी में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्रा को सम्मानित करते संकल्प पदाधिकारी।

मुजफ्फरनगर, 26 दिसंबर (बु.)। आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल में भारत विकास परिषद् संकल्प ने वीर बाल दिवस कार्यक्रम आयोजित किया। प्रातः बेला में विद्यालय की संस्कार शाला में यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसके यज्ञमान सीए अश्वनी वर्मा सपत्निक रहे। यज्ञ के उपरांत कुलदीप गुप्ता ने गुरु गोविंद सिंह के वीर बालकों जोरावर सिंह फतेह सिंह के धर्म और देश के लिए बलिदान की मार्मिक गाथा उपस्थित बच्चों को सुनाई तथा उन्हें वीरों से प्रेरणा लेने की सीख दी। इसके पश्चात कमल गोयल ने सभी छात्र छात्राओं को संस्था द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगता के पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से विजेताओं को समानित किया। इस अवसर पर संस्था के प्रबंधक अधिवक्ता सुघोष आर्य ने वीरगाथा के साथ-साथ महान क्रांतिकारी स्वामी श्रद्धानंद के बलिदान पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर बच्चों को उनके जीवन चरित्र से अवगत कराया। महात्मा गाँधी को महात्मा की उपाधि देने वाले वीर क्रांतिकारी स्वामी श्रद्धानंद ही थे। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य श्रीमती सोनिका आर्य ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं प्रसाद वितरण किया।

एसडी पब्लिक स्कूल में मना वीर बाल दिवस

मुजफ्फरनगर, 26 दिसंबर (बु.)। पटेल नगर स्थित एसडी पब्लिक स्कूल में सोमवार को वीर बाल दिवस मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 9 जनवरी 2022 को घोषणा की थी कि हर साल 26 दिसम्बर का दिन वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

इसी तत्वाधान पर एसडी पब्लिक स्कूल में सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों को इसकी जानकारी दी गयी और वीर बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आरम्भ कक्षा 6 की छात्राओं परनीत कौर तथा ख्याति ने सिक्खों के दसवें गुरू, गुरू गोविन्द सिंह के छोटे साहिबजादों के विषय में बताते हुए किया। कक्षा 5 के छात्र विराज तथा कक्षा 8 के छात्र वैदिक वत्स ने वीर बाल दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किये। कक्षा 8 की छात्रा श्रेया ने साहिबजादों पर आधारित एक दिल को छू लेने वाली कविता प्रस्तुत की। शहीदी पर कक्षा 8 के छात्र मानिक बजाज तथा कक्षा 6 की छात्रा दृष्टि ने अपनी मधुर आवाज में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अध्यापिका श्रीमती जसवीर कौर ने साहिबजादों की वीरता, सहनशीलता तथा धर्म परायणता के बारे में बताते हुए उनके जीवन से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी प्रकाश डाला। स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती चंचल सक्सैना तथा प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता दत्ता ने अपने विचार प्रस्तुत कर साहिबजादों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने साहिबजादों के चरित्र का उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों को वीरता तथा साहस के साथ भविष्य में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। वीर बाल दिवस पर श्रीमती गीता मित्तल व कक्षा 5 की कक्षाध्यापिकाओं का पूर्ण सहयोग रहा।

चेयरमैनी के भावी प्रत्याशी शलभ गुप्ता ने किया पांच वार्डों का निरीक्षण

नगर भ्रमण... गठबंधन से कर रहे तैयारी, जनता के बीच पहुंचकर जानी समस्या, कहीं लाइटें खराब और कहीं गंदगी, डीएम से मिलेंगे शलभ

मुजफ्फरनगर, 26 दिसम्बर (बु.)। गठबन्धन के भावी प्रत्याशी शलभ गुप्ता एडवोकेट के द्वारा 5 वार्डो का निरीक्षण किया गया व निरीक्षण के दौरान जनता की समस्याओं को सुन उनके निराकरण का आश्वासन दिया गया। इस दौरान उनका जगह-जगह स्वागत भी हुआ।

रविवार को शलभ गुप्ता एडवोकेट द्वारा वार्ड 18,1, 2, 35, 36 का निरीक्षण किया गया। प्रातः 10 बजे शलभ गुप्ता एडवोकेट अपनी टीम के साथ सर्वप्रथम वार्ड-18 में पहुंचे, जहां तिरुपति होम्स के निवासियों द्वारा दशकों से चली आ रही नाले को समस्या तथा असामजिक तत्वों द्वारा सड़क पर कब्जा कर असमाजिक कृत्यों की जानकारी दी गई, जिसमें उनके द्वारा कई बार प्रशासन से शिकायत भी गई, कोई सुनवाई नहीं हुई। शिकायतकर्ता पंकज राजवंशी, अनिल कुमार, अभय गुप्ता, मनमोहन बत्रा आदि ने अवगत कराया। इस पर उनके द्वारा बताया गया कि उक्त समस्या के सन्दर्भ में न्यू मंडी इंस्पेक्टर से मिल असामजिक तत्वों पर लगाम कस्वाई जाएगी। इसके पश्चात वार्ड 18 के सुनील चौधरी ने अपने साथियों के साथ शलभ गुप्ता का माला पहनाकर स्वागत किया और वार्ड को समस्याओं से अवगत करवाया। इसके बाद वार्ड 2 अलमासपुर में छोटे लाल गुप्ता, संगीता रानी, वीरेंद्र यादव, साधना देवी, प्रज्ञा देवी, शिव कुमार यादव, जग राम यादव, रेखा देवी, संतोष देवी, गीता देवी, नीरज नामदेव, प्रदीप गुप्ता, काजल गुप्ता, सरस्वती देवी आदि ने पानी की निकासी की समस्या, जिसके चलते जलभराव के कारण मकानों में पानी भर रहा है से अवगत कराया।

उसके पश्चात वार्ड 2 अलमासपुर में ही जोगेंद्र सैनी पूर्व प्रधान और अरविंद सैनी द्वारा जोर शोर से शलभ गुप्ता को पगड़ी और माला पहनाकर स्वागत किया गया तथा समर्थन का वायदा किया। उसके पश्चात अलमासपुर पीएनबी वाली गली में पोल्टिकल जस्टिस पार्टी के प्रचारक दीपक बाल्मीकि, धीरज बाल्मीकि द्वारा शलभ गुप्ता एडवोकेट के लिए एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें माल्यार्पण कर समर्थन की घोषणा की गई। दीपक बाल्मीकि द्वारा नगर पालिका में ठेकेदारी प्रथा को समाप्त करने की मांग की गई। सैकड़ों की संख्या में बाल्मीकि समाज मौजूद रहा। उसके पश्चात वार्ड-1 अलमासपुर कूकड़ा में सतीश कुमार द्वारा समस्याओं से अवगत कराया गया। इस अवसर पर राजपाल, सतीश कुमार, राज सिंह, किशन पाल, अनिल कुमार, डॉ. सुमन देवी, अभिमन्यु गर्ग, अश्वनी सिंघल, विनीत मेहरा द्वारा नाले की समस्या तथा लगभग 300 से 400 वोटों को अन्य वार्डो में ट्रांसफर की समस्या से अवगत कराया।

इसके पश्चात वार्ड-35 सरवट में इस्लाम ठेकेदार, डॉ. साहब, नवाब भाई, सरफराज आदि के द्वारा सैकड़ों की संख्या में स्वागत किया गया ओर सड़कों-नालियो की समस्या से अवगत कराया गया। वार्ड 36 में संजय सिंघल, महक सिंह, अमित शील, जयंती प्रसाद, तरुण एड, अभिषेक गुप्ता, मोंटू कुमार, राजेंद्र, आशीष कुमार आदि के द्वारा भी सफाई व्यवस्था और लाइट तथा स

1973-2022

सम्पादक की क़लम से

सुनियोजित बैंक ऋण घोटाला

बैंक ऋण घोटाले में वीडियोकॉन के फाउंडर वेणुगोपाल धूत को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। सीबीआई ने इससे पहले चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर को गिरफ्तार किया था। चंदा कोचर, दीपक कोचर और वेणुगोपाल धूत को इस बैंक ऋण घोटाले की तिकड़ी माना जा रहा है। कहा जा रहा है कि इस तिकड़ी ने धूर्तता का सहारा लेकर बैंक को चूना लगाया। आरोप है कि जब चंदा कोचर ने देश के बड़े प्राइवेट बैंकों में से एक आईसीआईसीआई बैंक की कमान संभाली तो वीडियोकॉन की विभिन्न कंपनियों को नियमों को ताक पर रखकर कुछ लोन स्वीकृत किए। 2012 में वीडियोकॉन ग्रुप की कंपनियों के 6 अकाउंट के मौजूदा बकाया को डोमेस्टिक डेब्ट रिफाइनेंसिंग के तहत स्वीकृत 1,730 करोड़ रुपए के लोन में एडजस्ट किया था। सीबीआई ने ये भी बताया था कि 2012 में दिए गए 3250 करोड़ के लोन में से 2810 करोड़ रुपए नहीं चुकाए गए, वीडियोकॉन और उसकी ग्रुप कंपनियों के अकाउंट को जून 2017 में एनपीए घोषित कर दिया गया था। एनपीए घोषित होने से बैंक को घाटा हुआ। चंदा कोचर के वकील ने कोर्ट में कहा था कि चंदा ऐसी किसी भी कंपनी में डायरेक्टर या स्टेकहोल्डर नहीं थीं, जिसे लोन दिए गए थे। यह बयान ईडी को स्वीकार्य था और ईडी ने उन्हें गिरफ्तार नहीं किया, लेकिन सीबीआई इस बयान से संतुष्ट नहीं हुई और गिरफ्तारी की गई। वकील ने कहा था कि इन लोन्स के लाभार्थी वेणुगोपाल धूत हैं, अगर सीबीआई को लगता है कि फ्रॉड हुआ, तो कोचर ही को क्यों गिरफ्तार किया गया। लाभार्थी को क्यों नहीं। 71 साल के वेणुगोपाल धूत का जन्म मुंबई में हुआ था। इनकी पहचान भारतीय बिजनेसमैन की है। फोर्ब्स के अनुसार, 2015 में उनकी संपत्ति 1.19 बिलियन डॉलर थी और तब वे भारत के 61वें और दुनिया के 1190वें सबसे अमीर आदमी थे। वीडियोकॉन के फाउंडर, चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर के रूप में उन्होंने काम किया था। सीबीआई ने बैंक ऋण घोटाले में चंदा कोचर, दीपक कोचर और वीडियोकॉन ग्रुप के वेणुगोपाल धूत के साथ-साथ नूपावर रिन्यूएबल्स, सुप्रीम एनर्जी, वीडियोकॉन इंटरनेशनल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज लिमिटेड को आईपीसी की क्रिमिनल कॉन्सपिरेसी, चीटिंग और करप्शन से जुड़ी धाराओं के तहत रजिस्टर्ड एफआईआर में आरोपी बनाया था। यह घोटाला सुनियोजित विधि से किया गया लगता है। इसका आरम्भ 2008 ही से कर दिया गया था। 2008 में 50-50 प्रतिशत की हिस्सेदारी में धूत और कोचर ने नूपवार कम्पनी बनाई। 2009 में धूत ने नूपवार के डायरेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया और कोचर को पूरी कम्पनी सौंप दी। आरोप है कि यहीं से चंदा कोचर, दीपक कोचर और धूत की तिकड़ी ने घोटाले की दिशा में काम करना शुरू कर दिया था। इस मामले से पर्दा 2016 में उठना शुरू हुआ, जब दोनों फर्मों, वीडियोकॉन ग्रुप और आईसीआईसीआई बैंक में एक निवेशक अरविंद गुप्ता ने लोन अनियमितताओं के बारे में चिंता जताई थी। गुप्ता ने आरबीआई और यहां तक कि प्रधानमन्त्री को इस बारे में लिखा था, लेकिन उनकी शिकायत पर उस समय कोई ध्यान नहीं दिया गया। मार्च 2018 में एक अन्य व्हिसल-ब्लोअर ने शिकायत की। टॉप मैनेजमेंट के खिलाफ की गई शिकायत के बाद कई एजेंसियों का ध्यान इस ओर गया। हालांकि, उसी महीने बैंक ने बयान जारी कर कहा कि उन्हें चंदा कोचर पर पूरा भरोसा है। वीडियोकॉन ग्रुप के लोन पास करने में चंदा की कथित भूमिका की जांच के बाद यह बयान दिया गया था। एजेंसियां अपनी जांच करती रहीं और बैंक पर बढ़ रहे प्रेशर के बाद उसने भी जांच शुरू की। इसके बाद सीबीआई ने 24 जनवरी 2019 को एफआईआर दर्ज की। जनवरी 2020 में प्रवर्तन निदेशालय ने कोचर परिवार की 78 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति कुर्क की थी। इस के बाद एजेंसी ने कई दौर की पूछताछ के बाद दीपक कोचर को धन शोधन निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया था। चंदा कोचर पर वीडियोकॉन ग्रुप को दिए गए 3000 करोड़ रुपये के कर्ज में गड़बड़ी करने का आरोप है। जिस समय ये लोन दिया गया था, उस दौरान वो आईसीआईसीआई बैंक की प्रमुख थीं। उन पर ये भी आरोप है कि कर्ज की ये रकम उनके पति दीपक कोचर की कंपनी में लगाई गई। उन पर जो आरोप लगाए गए हैं उनके मुताबिक इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग और तेल-गैस खनन कंपनी वीडियोकॉन के पूर्व चेयरमैन वेणुगोपाल धूत ने दीपक कोचर की कंपनी नूपावर में कथित तौर पर बड़ी रकम का निवेश किया था। एक समय ऐसा भी था कि चंदा कोचर भारतीय बैंकिंग सेक्टर की स्टार कही जाती थीं। उन्होंने बहुत कम समय में अपनी करियर की ऊंचाइयों को छू लिया था।प्रबंधन और बैंकिंग की दिग्गज मानी जाने वाली चंदा कोचर कामकाजी महिलाओं के एक रोल मॉडल के तौर पर उभरी थीं, लेकिन कर्म का प्रभाव, भाग्य पर पड़ा और समय ने जेल पहुंचा दिया। साहिर लुधियानवी ने कहा है-

आदमी को चाहिए वक़्त से डरकर रहे,
कौन जाने किस घड़ी वक़्त का बदले मिजाज।

सीबीआई ने चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर के खिलाफ आपराधिक साज़िश रचने और धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। चंदा कोचर पर आरोप हैं कि आईसीआईसीआई बैंक की सीईओ रहते हुए उन्होंने अपने पद का गलत इस्तेमाल किया। 2009 में चंदा कोचर को आईसीआईसीआई बैंक का सीईओ और एमडी बनाया गया। चंदा कोचर ही के नेतृत्व में आईसीआईसीआई बैंक ने रिटेल बिज़नेस में कदम रखा, जिसमें उसे अपार सफलता मिली। यह उनकी योग्यता और बैंकिंग सेक्टर में उनके योगदान के प्रमाण था कि भारत सरकार ने चंदा कोचर को अपने तीसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्मभूषण से 2011 में नवाजा। उनके नेतृत्व में आईसीआईसीआई बैंक भारत का दूसरा सबसे बड़ा निजी क्षेत्र वाला बैंक बना। साल 2016 में दीपक कोचर ने चंदा कोचर की सालाना सैलेरी का ज़िक्र किया है, जो लगभग 5.12 करोड़ रुपए सालाना बताई गई। उन्हें फोर्ब्स पत्रिका में विश्व की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की सूची में भी जगह मिल चुकी है।

चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"घर" "पद" "किरदार" "हस्ती"

कहीं खाकी पे धब्बे हैं, कहीं खादी पे धब्बे हैं।
सियासत डूब कर मरजा, तेरी वर्दी पे धब्बे हैं।
बनाया घर बहुत ऊँचा, खरीदा पद बहुत ऊँचा,
मगर किरदार जीरो है, तेरी हस्ती पे धब्बे हैं।

जल जीवन मिशन संकल्प सप्ताह मनाया

जानसठ, 26 दिसम्बर (बु.)। जल जीवन मिशन के अंतर्गत संकल्प अटल हर घर जल सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन भारतीय महिला कल्याण एवं बाल विकास शोध संस्थान के द्वारा ग्राम खुजेड़ा ब्लॉक जानसठ मे किया गया। जल जीवन मिशन तथा अटल सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत विस्तार से जानकारी देते हुए टीम लीडर प्रीति पाल, सूर्यपाल आईएसए कोऑर्डिनेटर द्वारा बताया गया कि प्रतिवर्ष पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी जी के जयंती पर जल जीवन मिशन कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इसके तहत एम एम मॉडल पब्लिक स्कूल खुजेड़ा मे बच्चों को जल के महत्व और बचाव की जानकारी दी गई तथा सामान्य रूप से शुद्ध जल की पहचान कराई गई। जल के बचाव और सही तरीके से प्रयोग करने के बारे में बताया गया। स्वच्छता के बारे में भी जानकारी दी गई, जिसमें अध्यक्ष शाहनवाज, मैनेजर साइन खान, अध्यापक सलमान और अंशुल, नवीन, मुकेश आदि समस्त स्टाफ और ग्रामवासी शामिल रहे।

भारत-तिब्बत सहयोग मंच ने वीर बाल दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया

मुजफ्फरनगर, 26 दिसम्बर (बु.)। आज इंद्रेश जी संस्थापक भारत तिब्बत सहयोग मंच-वरिष्ठ प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व पंकज गोयल-राष्ट्रीय महामंत्री के सानिध्य में संदीप चौधरी प्रांतीय अध्यक्ष व कपिल त्यागी प्रांतीय महामंत्री के दिशा निर्देशन में मेरठ प्रांत की मुजफ्फरनगर इकाई के जिला अध्यक्ष विजय वर्मा, महामंत्री विष्णु स्वरूप अग्रवाल एवं प्रांतीय मंत्री संदीप दास एडवोकेट के द्वारा वीर बाल दिवस को भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर में अनेकों छात्राओं के समक्ष धूमधाम से मनाया। वहां उपस्थित सभी छात्राओं को वीर बाल दिवस के बारे में बताया गया कि किस तरह से मुगल शासन में सिख बालकों ने अपने धर्म की खातिर अपना बलिदान दिया और अपने प्राण न्योछावर कर दिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन शहीदी बालकों से प्रभावित होकर 26 दिसंबर का दिन वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव पास कर सिख समाज, जोकि हिंदू धर्म की रक्षा एवं देश की रक्षा के लिए सदैव अग्रणी रहा, को यह सम्मान दिया ' इन शहीदी बालकों के बलिदान को पूरा हिंदुस्तान याद करता है और करता रहेगा, जो विश्व के इतिहास में अद्वितीय है। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सीमा गोयल-प्रधानाचार्या-भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर नई मंडी ने विशेष सहयोग दिया और वहां पर उपस्थित बच्चों ने वीर बाल दिवस पर ओज से परिपूर्ण गीत गाकर वातावरण को देशभक्ति से जीवंत कर दिया। इस अवसर पर भागवंती स्कूल की छात्राओं द्वारा बैडमिंटन खेल में द्वितीय स्थान प्राप्त करने की खुशी में भारत तिब्बत सहयोग मंच के पदाधिकारियों ने उन छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। इस कार्यक्रम में अंकित उप्पल युवा जिलाध्यक्ष, सीए अश्वनी वर्मा जिला मंत्री, राजकुमार रहेजा उपाध्यक्ष, यश कपूर, नरेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

"रोटरी क्लब समर्पण ने मनाया तुलसी दिवस और नव वर्ष"

मुजफ्फरनगर, 26 दिसम्बर (बु.)। रविवार को रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर समर्पण द्वारा गवर्नर विजिट नव वर्ष तुलसी दिवस के उपलक्ष में एक पारिवारिक कार्यक्रम का आयोजन सॉलिटेयर इन में किया गया। इसमें क्लब के सदस्यों के अलावा मंडल 3100 गवर्नर डीके शर्मा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की ऑफिशल विजिट का कार्यक्रम रहा। क्लब के सभी सदस्यो द्वारा तुलसी दिवस मनाया गया, जिसमें क्लब अध्यक्ष रो. मोहित संगल और सचिव रो. संदीप कुमार द्वारा सभी सदस्यों को तुलसी के पौधे उपहार स्वरूप दिये गये। इसके उपरांत कार्यक्रम मे बच्चों के गेम्स और सभी सदस्यो के डांस का आयोजन किया गया। कोमल गोयल हार्ट ऑफ किंग चुने गये और शारदा सचदेवा क्वीन ऑफ हार्ट चुनी गयी। कार्यक्रम संयोजक रो. विकास वर्मा, रो. विजय मित्तल, रो. अंशुल मित्तल, रो. पियूष गर्ग रहे। कार्यक्रम मे सब्बी सदस्य उपस्थित रहे।

भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर में वीर बाल दिवस का आयोजन

मुजफ्फरनगर, 26 दिसम्बर (बु.)। भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नई मंडी में वीर बाल दिवस मनाया गया। इस दौरान प्रधानाचार्या सीमा गोयल एवं वक्ता दुर्गेश नंदिनी कोशिक ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित तथा गुरु एवं गुरुपुत्री के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए दीप वंदना सत्र का शुभारंभ किया। मुख्य वक्ता दुर्गेश नंदिनी ने बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गुरू गोविंद सिंह जी का संपूर्ण परिवार मात्र 7 दिन में भारतीय संस्कृति व धर्म की रक्षा करते हुए अपना सर्वस्व बलिदान कर सदा के लिए अमर हो गए। उन्होंने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने इस दिन को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने को संपूर्ण भारत से आह्वान किया। इस दौरान कॉलेज की बहनों द्वारा एक मनमोहक गीत प्रस्तुत किया, जिसके बोल कही पर्वत-झुके भी है, कहीं दरिया रुके भी है। नहीं रुकती रवानी है नहीं झुकती जवानी है। जिसको सुन सभी की आंखों में आंसू छलकने लगे। इसी श्रृंखला को मनाते हुए भारत तिब्बत सहयोग मंच के द्वारा एक कार्यक्रम का विद्यालय प्रांगण में आयोजन किया जिसका उद्देश्य वीर पुत्रों के चरणों में अपने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देना था। इस दौरान प्रधानाचार्या सीमा गोयल ने सभी छात्राओं को वीर गुरू पुत्र के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने धर्म की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय में पधारे भारत तिब्बत सहयोग मंच के पदाधिकारियों विष्णु गुप्ता, विजय शर्मा एवं समस्त सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

एनसीसी कैडेट्स ने "शहीदों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि"

मुजफ्फरनगर, 26 दिसम्बर (बुस.)। एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स में 82 यूपी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सुगंध शर्मा व एडमिन ऑफिसर कर्नल बकुल गोसाई के मार्गदर्शन में नार्थ सिक्किम में शहीद हुए भारतीय सेना के बहादुर सैनिक लांस नायक लोकश सहरावत को भावभीनी श्रद्धांजली दी गई, जिसमें एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स के एनसीसी कैडेटस एवं अन्य छात्र / छात्राओं द्वारा संयुक्त रूप से शहीदों के लिए दो मिनट का मौन रखा गया और उनके परिवार को इस दुखद समय में सहास बनाये रखने की कामना की गई। महाविद्यालय के प्रांगण से प्राचार्य डॉ. सचिन गोयल, डॉ. नवेद अख्तर (एनसीसी अधिकारी), अंकित धामा (सहायक एनसीसी अधिकारी) एवं हवलदार राजेन्द्र कुमार द्वारा एनसीसी कैडेटस एवं अन्य छात्र / छात्राओं को देश के गौरव, मुजफ्फरनगर जनपद के लाल, युवाओं के प्रेरणास्त्रोत, भारत माता की आन बान शान के रक्षक वीर सैनिक अमर शहीद लांस नायक लोकश सहरावत तथ्या अन्य अमर शहीदों

की आत्मा की शान्ति के लिए मौन रखा एवं देश भक्ति का जोश बढाने के लिए वंदे मातरम के नारों के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की। एनसीसी कैडैटस में मुख्य रूप से नंदनी, हिमानी, संध्या, फरवा, रिशू, प्रियांशी, वंशिखा, अभिषेक कुमार, गौरव कश्यप, निशान्त, अर्जुन, नितिन, रोहित, विवेक, शान मौहम्मद, विकास, तुषार, प्रक्षित, सुमित तथा प्रियांशु आदि रहे। डॉ. नवेद अख्तर (एनसीसी अधिकारी), अंकित धामा व हवलदार राजेन्द्र कुमार ने एनसीसी कैडेटस को भारतीय सेना में शहीद होने की महत्ता को समझाया और उनमें देश भक्ति की भावना को जागृत करने के लिए भारतीय सेना के अमर शहीदों की अमर कहानियों एवं शहादतों के बारे में बताया कि किस प्रकार भारतीय सेना ने देश की रक्षा के अपने प्राणों की आहुति दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं छात्र उपस्थित रहें।

अस्पताल में रोगियों को बांटे गुडविल सोसायटी ने कंबल

मुजफ्फरनगर, 26 दिसम्बर (बु.)। इंटरनेशनल गुडविल सोसायटी ऑफ इंडिया चैप्टर के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में सोमवार को जिला अस्पताल में पहुंचकर निर्बल वर्गीय रोगियों एवं तीमारदारों को सर्दी से बचाव की दृष्टि से कंबल वितरित की। कंबल वितरण कार्यक्रम में नगर मजिस्ट्रेट अनूप कुमार बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। गुडविल सोसाइटी की टीम ने सोमवार को अस्पताल के वार्ड में उपस्थित रोगियों एवं तीमारदारों को कंबल अपने हाथों से वितरित किए। इस दौरान जिला अस्पताल में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश कुमार, डॉ. योगेंद्र बिस्वा डॉ. विनय कौशिक ने सोसायटी के लोगों के प्रति आभार व्यक्त

किया। सोसायटी के सचिव होती लाल शर्मा ने इस बीच निर्बल वर्गीय लोगों को गत 20 वर्षों से दी जा रही इन सेवाओं पर प्रकाश डाला। वहीं नगर मजिस्ट्रेट अनूप कुमार ने गुडविल सोसायटी के कार्यक्रमों की सराहना की। इस बीच सोसाइटी ने जिला महिला चिकित्सालय के रैन बसेरा में भी कंबल वितरित किए। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. मुकेश अरोरा, एलके मित्तल, बहोरन लाल, इंजी. लोकेश चन्द्रा, बीएम गुप्ता, संदीप दास एडवोकेट, ब्रज मोहन, एके अग्रवाल, देवराज पंवार, मुकेश लाल एडवोकेट, अंकुर गर्ग, मनोज जैन एलजी, प्रोफेसर सतीश मित्तल सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

गांधी इंटर में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

चरथावल, 26 दिसम्बर (बु.)। स्थानीय गांधी इंटर कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज प्रबन्ध समिति के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। सोमवार को नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था गांधी इंटर कॉलेज के मैदान पर दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय अध्यक्ष नरेश चंद कंसल, प्रबंधक नवीन कुमार सिंघल, आदेश गर्ग (नवरंग) भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष गर्ग, रिक्की गर्ग, आरुप कुच्छल द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम दिन गोला फेंक, दो सौ मीटर दौड़,व लम्बी कूद आदि प्रतियोगितायें सम्पन्न हुई, जिनमें छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रधानाचार्य विजयवीर तोमर व समीर कुमार पीटीआई द्वारा किया गया। मंच संचालन लालचंद यादव ने किया। इस मौके पर संजय कुमार, विनोद कुमार, शेंकी गर्ग, अरुण कौशिक, बाबूराम, जितेंद्र व मीरा मौर्या आदि का सहयोग रहा।

बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र वसीम मलिक गलत संगत में पड़ गया है और मेरे कहने-सुनने में नहीं है। इसलिए मैंने अपने पुत्र वसीम मलिक को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। यदि मेरा पुत्र वसीम मलिक किसी प्रकार का कोई लेन-देन या गलत कार्य करता है, तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। आज से मेरा व मेरे परिवार का वसीम मलिक से कोई मतलब वास्ता किसी प्रकार का नहीं होगा।

यामीन अहमद
पुत्र हमीद
निवासी : ग्राम सठेड़ी, तहसील खतौली, थाना रतनपुरी, जिला मुजफ्फरनगर

बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र गौरव कुमार पिछले कई वर्षों से बाहर रहता है, जिस वजह से मेरा उसके साथ कोई संपर्क नहीं है। उसके गलत आचरण के चलते उसके लेनदेन आदि समस्त कार्यो का उत्तरदायित्व उसका स्वयं का होगा तथा मैं व मेरा परिवार उससे सम्बंध विच्छेद कर अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसके किसी भी कृत्य वह लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी।

सुनील कुमार
पुत्र रणजीत सिंह
निवासी : ग्राम बसायच, ब्लॉक खतौली जानसठ, जिला मुजफ्फरनगर

सेंट जेवियर ग्लोबल स्कूल में वार्षिक उत्सव मनाया

भोपा, 26 दिसम्बर (बु.)। सेंट जेवियर ग्लोबल स्कूल में वार्षिक उत्सव मनाया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुति दी। सिक्किम में शहीद हुए नायक लोकेश को श्रद्धांजलि देते हुए छात्र-छात्राओं ने उनके सम्मान में देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रम भी किये। भोपा रोड स्थित सेंट जेवियर ग्लोबल स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया, जिसकी थीम इस वर्ष नवरस रखी गयी' कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व सांसद सोहनवीर सिंह, अध्यक्ष ओमपाल सिंह, सचिव चन्द्रपाल सिंह, प्रबंधक संजय तोमर व प्रधानाचार्या मोनिका चौधरी ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती एवं गणेश की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में सबसे पहले गणेश वंदना की गई। इसके बाद सिक्किम मे शहीद हुए युसुफपुर के बहादुर सैनिक नायक लोकेश सेहरावत को श्रद्धांजलि देते हुए आर्मी एक्ट द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसने सभी की आँखें नम कर दी। कक्षा नर्सरी के छात्रों ने गलती से मिस्टेक सॉग पर, कक्षा एलकेजी के छात्रों ने कोका सॉग पर, कक्षा यूकेजी के छात्रों ने बम बम भोले सॉग पर अपनी अटखेलियों द्वारा डांस प्रस्तुत किया। संगीत के ग्रुप ने ढोलक, हारमोनियम, ढोल संगीतज्ञों की ताल से ताल मिलाते हुए केसरिया गाने की अपनी प्रस्तुति दी, जिसमे अक्षित, अवनी, रिहान, आराध्या, सैन ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में महाभारत एक्ट आकर्षण का केन्द्र रहा। छात्रों ने गढ़वाली, पंजाबी तथा राजस्थानी डांस प्रस्तुत किया, जिसमें

अविका, वेदांशी, आद्य, शर्स्ती, राधिका, विशाखा समिल हुए। रामायण एक्ट प्रस्तुत किया, जिसमें राम और रावण के बीच युद्ध तथा सीता हरण को प्रस्तुत किया गया। राम का किरदार शिखा द्वारा प्रस्तुत किया गया। अमित राठी तथा हरीश राठी के द्वारा स्टूडेंट ऑफ थे इयर का खिताब तथा हेड बॉय का खिताब अदित कक्षा 11 को और हेड गर्ल का खिताब वृद्धि कक्षा 10 को दिया गया। मोस्ट कोआपरेटिव पेरेंट्स की खिताब अक्षिता कक्षा 4 एंड रूद्र कक्षा 2 के अभिभावकों को दिया गया' पेरेंट्स का खिताब दुष्यंत कक्षा नर्सरी, जेनिषा राठी कक्षा 1, अनिरूद्ध कक्षा 2, शौर्य तोमर कक्षा 6 एनी कक्षा 7 के पेरेंट्स को दिया गया। स्कूल टॉपर का पुरुस्कार कक्षा 10 की टॉपर नव्या को। मोस्ट डिसिप्लिनड स्टूडेंट का पुरुस्कार आन्या राठी, देव कक्षा 3, अपर्णा कक्षा 8, दिव्या कक्षा 12 को, मोस्ट क्रिएटिव स्टूडेंट का पुरस्कार अवंतिका, अपूर्वा कक्षा 12 दो दिया गया। मोस्ट टैलेंटेड स्टूडेंट का पुरस्कार तनु को दिया गया। अमित राठी और हरीश राठी के द्वारा सभी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समस्त स्टाफ, छात्र-छात्राओं सहित अभिभावक भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

रसोई में गैस सिलेण्डर में आग लगने से हड़कम्प

पुरकाजी, 26 दिसम्बर (बु.)। कस्बे में हाइवे पर दो प्राथमिक विद्यालय हैं। दोनों विद्यालयों में करीब 1200 सौ छात्र छात्राएं शिक्षा ग्रहण करते है। सोमवार को प्राथमिक विद्यालय में बनी रसोई में मिड-डे-मिल बनाते समय गैस सिलेण्डर में आग लग गयी जिससे विद्यालय में हड़कम्प मच गया।

शोर सुनकर आसपास के काफी लोग मौके पर इकट्ठा हो गये और आग बुझाने का प्रयास किया, किन्तु आग उग्र रूप लेती चली गयी। सूचना पर सब इंस्पेक्टर राहुल चौधरी अग्निशमन यंत्र लेकर विद्यालय पहुंचे, विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश शर्मा ने साहस का परिचय देते हुए अपनी जान की परवाह किये बिना सिलेण्डर पर गीली बोरी डालकर किसी तरह आग को बुझाया, जिससे कोई बडा हादसा होने से बच गया।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम ***पंकज देशवाल*** से बदलकर ***पंकज कुमार देशवाल*** रख लिया है। अब भविष्य में मुझे ***पंकज कुमार देशवाल*** के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

पंकज कुमार देशवाल
पुत्र स्व. धर्मवीर सिंह
निवासी : 12, गंगा विहार, भोपा रोड, मुजफ्फरनगर

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम ***ममता देशवाल*** से बदलकर ***ममता*** रख लिया है। अब भविष्य में मुझे ***ममता*** के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

ममता
पत्नी श्री पंकज कुमार देशवाल
निवासी : 12, गंगा विहार, भोपा रोड, मुजफ्फरनगर

चौ. छोटूराम महाविद्यालय में वीर बाल दिवस का आयोजन

मुजफ्फरनगर, 26 दिसम्बर (बु.)। चौधरी छोटूराम कॉलेज में प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार मलिक की अध्यक्षता में वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना कीं तीनों इकाइयों के वॉलंटियर्स नें उत्साह से प्रतिभाग किया। इस दौरान कॉलेज प्राचार्य डॉ. नरेश मलिक ने बताया कि गुरू गोविंद सिंह सिखो के दसवे गुरु थे, जिन्होंने उनके लिए 5 मयार्दाएं- केश, कड़ा, कच्छा, कृपाण और कंघा धारण करने का आदेश दिया था। उन्होंने कहा कि इन पांच कंकारों को धारण करना सिख संप्रदाय के अनुयायियों के लिए अनिवार्य है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आईडी शर्मा ने मुगल शासक औरंगजैब की विस्तारवादी नीति का वर्णन करते हुए कहा कि किस तरह औरंगजेब गुरू गोविंद सिंह द्वारा शासित क्षेत्र को अपने अधिकार में लाने को आनंदपुर साहिब पर आक्रमण करता है तथा आपने धर्म की सबसे पवित्र पुस्तक कुरान शरीफ की शपथ के बावजूद गुरू गोविंद सिंह व उस समय आनंदपुर साहिब में किले में उपस्थित 40 सैनिकों को सुरक्षित

पास देने की अपनी शपथ को तोड़ देता है तथा उसके सैनिक अचानक गुरू साहब तथा उनके सैनिकों पर हमला कर देते हैं जिसमें गुरू गोविंद सिंह अपने कुछ सैनिकों व दो पुत्रों शहजादे अजीत सिंह व जुझार सिंह के साथ सरत नदी पार करने के बाद युद्ध में उनके दोनों शहजादे और सैनिक शहीद हो जाते हैं। शेष बचे दोनों शहजादे धर्म परिवर्तन से साफ मना कर देते हैं। तदोपरांत दोनों शहजादों को कोतवाल दीवार में चिनवाने की सजा सुनाते हैं। दीवार में चिनवाने के बाद उनकी आंखें भी निकाली जाती हैं तथा माता गुजरी देवी को महल की छत से नीचे गिरा कर मार दिया जाता है। बाद में किसी तरह गुरु गोविंद सिंह दीना पहुंच जाते हैं जहां पर वह जफरनामा की रचना करते हैं । जोकि सिख संप्रदाय के गुरु ग्रंथ का एक अंश है, तथा

मुगलों पर गुरु गोविंद सिंह की सेना का विजय पत्र है औरंगजेब को जफरनामा की प्रति प्राप्त करके पंजाब प्रांत की स्थिति तथा गुरु गोविंद सिंह की प्रतिष्ठा और निर्भीकता का पता चलता है अंत में अपने वक्तव्य में उन्होंने अपने राष्ट्र तथा संस्कृति की रक्षा हेतु हमें सदैव तत्पर रहना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. जोनी कुमार ने भी वीर बल दिवस पर अपने विचार रखें तथा सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया । वीर बाल दिवस के उपलक्ष में एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें वंशिका चौहान (बीएस कृषि प्रथम), मोहम्मद अली ने द्वितीय एवं रितिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वॉलंटियर्स दिवेश कुमार, आयुष एवं शिक्षणेतर कर्मचारी ओमपाल तथा कृष्ण पाल का विशेष योगदान रहा।

नि:शुल्क सर्जिकल शिविर

आपको जानकर हर्ष होगा कि आपके शहर मुजफ्फरनगर में दिनांक 28 दिसम्बर, 2022 दिन बुधवार को ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, पर एक नि:शुल्क सर्जिकल कैंप आयोजित किया जा रहा है।

इस कैंप में मुजफ्फरनगर के मशहूर अनुभवी लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर सुनील कुमार गुप्ता एवं डॉक्टर सिद्धार्थ गुप्ता यूरोलॉजिस्ट एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन द्वारा नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।

इस कैम्प में

- पित्त की थैली में पथरी, अपेंडिक्स एवं हार्नियां का परामर्श
- गुर्दे की पथरी, गुर्दे की नलकी की पथरी, मसाने की पथरी, मसाने का कैंसर, गदूद की समस्या, पेशाब की नलकी का सिकुड़ना।
- पेशाब सम्बंधित अन्य रोग, जैसे स्त्रियों में खाँसते व छीकते हुए पेशाब निकल जाना, पेशाब रूक-रूक कर आना, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना, पेशाब की धार कमजोर होना।
- स्तन (Breast) स्त्रियों की छाती से सम्बन्धित रोग जैसे - स्तन या बगल में गाँठ होना, निप्पल से खून आना
- स्तन के आकार में बदलाव आना, निप्पल का अंदर की ओर धसना जैसे रोगो का नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।
- गुदा सम्बधित रोग जैसे- बावासीर, मस्से, भगंदर, नासूर का लेजर द्वारा इलाज

नि:शुल्क पी

ओयो होटल में बागपत की महिला का मिला शव, प्रेमी ने गला दबाकर मार डाला

गाजियाबाद , 26 दिसंबर (वार्ता)। गाजियाबाद के मुरादनगर काइट कॉलिज के सामने ओयो होटल में महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक महिला के प्रेमी ने उसकी गला दबाकर हत्या की है। हत्या के बाद आरोपी फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मृतक की शिनाख्त रचना (44) निवासी बागपत के रूप में हुई है, बताया जा रहा है कि रचना की गला दबाकर उसके ही प्रेमी गौतम निवासी भोजपुर ने हत्या की है। आरोपी मौके से फरार है, एएसपी मसूरी निमिष पाटिल का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई। पीएम की रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

अब एक क्लिक पर खुल जाएगी मरीज की पूरी रिपोर्ट

लखनऊ, 26 दिसंबर (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के सभी अस्पतालों में सोमवार से हॉस्पिटल मैनेजमेंट इन्फॉरमेशन सिस्टम प्रणाली लागू हो गया है। इससे प्रदेश के चिकित्सा संस्थान और मेडिकल कॉलेज जोड़े गए हैं। इस प्रणाली के जरिए मरीज की सारी जानकारी ऑनलाइन फीड कर डॉक्टर के कंप्यूटर तक पहुंचेगी। जांच रिपोर्ट ऑनलाइन होने के बाद डॉक्टर अपने कंप्यूटर पर देख सकेंगे। इस नई व्यवस्था की शुरूआत सोमवार से हो गई। एचएमआईएस प्रणाली लागू होने के बाद प्रदेश के राजकीय मेडिकल कालेजों, राजकीय संस्थानों, स्वायत्तशासी चिकित्सा महाविद्यालयों में पेपरलेस व्यवस्था को लागू किया जा सकेगा। पहले चरण में चिकित्सा शिक्षा के गोरखपुर, कानपुर, प्रयागराज, झांसी, मेरठ, कानपुर और आगरा स्थित मेडिकल कॉलेज में लागू की जाएगी। फिर प्रदेश के 36 कॉलेजों को जोड़ा जाएगा। कॉलेजों में ई हॉस्पिटल मैनेजमेंट सिस्टम भी लागू करने की तैयारी है। इस प्रणाली के लागू होने से जहां एक ओर अस्पतालों के प्रबंधन, नेतृत्व, नेटवर्क, कार्यप्रणाली और प्रशासन में सुधार होगा वहीं मरीजों को एक यूनीक आईडी नंबर मिलने से उनसे जुड़ी सारी जानकारी अस्पताल में दर्ज होगी। रोगियों के दोबारा अस्पताल आने पर केस हिस्ट्री और जानकारी अस्पताल में पहले से दर्ज होने से मरीजों को काफी राहत मिलेगी।

लालू खेडी में लगेगी चौ. चरण सिंह की प्रतिमा

मुजफ्फरनगर, 26 दिसंबर (बु.)। लालूखेड़ी बस स्टैंड पर चौधरी चरण सिंह जी की प्रतिमा लगाई जाएगी। इसके लिए भूमि चिन्हित की गई है। उप जिलाधिकारी सदर ने आज उक्त स्थल का निरीक्षण किया।

बर्फीले तूफान से जापान में 17 लोगों की मौत

टोक्यो, 26 दिसंबर (वार्ता)। अमेरिका की तरह जापान भी बफीर्ले तूफान की चपेट में है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सर्दी के मौसम में जापान में भारी बर्फबारी के साथ तेज हवाएं चल रही हैं। जिससे जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। बफीर्ले तूफान के कारण अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है और 90 से अधिक लोगों के घायल होने की सूचना है। वहीं, कई इलाकों में बिजली गुल हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, भीषण सर्दी के बीच बीते एक सप्ताह से जापान के उत्तरी हिस्सों में भारी बर्फबारी हो रही है। अधिकांश सड़कें बर्फ की चादर से ढक गई है, जिससे सैकड़ों वाहन फंस गए हैं। डिलीवरी सेवाएं भी बुरी तरह बाधित हुई हैं।

जन्मदिन पर बर्फ में जम गया व्यक्ति, मौत

न्यूयॉर्क, 26 दिसंबर (वार्ता)। सर्दी के बीच अमेरिका में बर्फीले तूफान में कहर बरपाया। इसके कारण अब तक 30 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। इस बीच एक व्यक्ति की जन्मदिन पर बर्फ में जम जाने से मौत की घटना सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बफेलो शहर में 56 वर्षीय विलियम क्ले की बर्फ में जमने से मौत हो गई। क्रिसमस की पूर्व संध्या पर बिलियम लापता हो गए थे। बाद में परिवार के सदस्यों ने उसके शव की पहचान की। न्यूयॉर्क का बफेलो शहर बफीर्ले तूफान की चपेट में है। यहां तापमान शून्य से नीचे गिर गया है और अब तक 16 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। इससे पहले, विलियम क्ले की बहन ने फेसबुक पोस्ट में लोगों से अपने भाई की तलाश में मदद करने की अपील की थी। बाद में उन्होंने क्ले की मौत की जानकारी साझा की। उन्होंने लिखा कि वह उस व्यक्ति की बहन हैं, जिसकी बफार्नी तूफान के दौरान 24 दिसंबर को जान चली गई। बहन ने बताया कि उनके भाई ने जन्मदिन पर अपनी जान गंवा दी।

हैदराबाद में 50 करोड़ रुपये की नशीली दवाएं जब्त

नई दिल्ली, 26 दिसंबर (वार्ता)। डीआरआई अधिकारियों ने हैदराबाद में दो गुप्त प्रयोगशालाओं का भंडाफोड़ कर 25 किलोग्राम मादक दवा मेफेड्रोन जब्त की है। इसकी कीमत लगभग 50 करोड़ रुपये आंकी गई है। यहां पर बड़े पैमाने पर मादक दवा का निर्माण किया जा रहा था। जानकारी के मुताबिक, डीआरआई ने बीते 21 दिसंबर को दो गुप्त प्रयोगशालाओं का भंडाफोड़ किया था। मामले में सात लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। डीआरआई अधिकारियों ने दवा के निर्माण में प्रयोग होने वाली सामग्री, बिक्री से मिले 18.90 लाख रुपये, कच्चा माल, मशीनरी और तस्करी में इस्तेमाल होने वाले वाहन भी जब्त किए हैं।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की तबीयत बिगड़ी, एम्स में हुई भर्ती

नई दिल्ली । केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की तबीयत बिगड़ने पर एम्स में भर्ती किया गया है। उन्हें दोपहर करीब 12 बजे अस्पताल ले जाया गया। यहां उन्हें एक निजी वार्ड में भर्ती कराया गया है। उन्हें पेट में सक्रमण के बाद जांच के लिए लाया गया था। बाद में उन्हें छुट्टी दे दी गई।

विश्वविद्यालय में नमाज पढ़ने पर विवाद, विहिप कार्यकर्ताओं का हंगामा

वडोदरा, 26 दिसंबर (वार्ता)। गुजरात के वडोदरा शहर में महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय के परिसर में दो छात्रों के नमाज पढ़ने पर विवाद खड़ा हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, सोमवार को कॉमर्स डिपार्टमेंट में परीक्षा देने आए दो छात्रों ने परिसर में नमाज पढ़ी। इसका वीडियो वायरल होने के बाद विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के कार्यकर्ताओं ने हंगामा करना शुरू कर दिया। विहिप कार्यकर्ताओं ने विरोध में विश्वविद्यालय परिसर में हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। विहिप कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय परिसर में नमाज पढ़ने के पीछे साजिश का आरोप लगाया और गंगाजल छिड़ककर रामधुन और हनुमान चालीसा का पाठ किया।

भाजपा ने निकाय चुनाव को लेकर किया मंथन

लखनऊ, 26 दिसंबर (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में नगर निकाय चुनाव को लेकर कल हाईकोर्ट के संभावित फैसले का इंतजार किए बिना भारतीय जनता पार्टी इसकी तैयारी में जुट गई है। लखनऊ स्थित बीजेपी कार्यालय में सोमवार को बेहद महत्वपूर्ण बैठक हुई। हालांकि, बैठक से बाहर निकलने के बाद बीजेपी एमएलसी अनूप गुप्ता ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक थी। अनूप गुप्ता ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने क्षेत्रीय अध्यक्ष और क्षेत्रीय प्रभारियों को बुलाकर सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश जो छह क्षेत्रो में बंटा है। उसकी समीक्षा की है। बीजेपी एमएलसी ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी पदाधिकारियों से संगठन की मजबूती और संगठन के किन- किन पहलुओं में क्या- क्या सुधार करने की जरूरत है, इस पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने के लिए वार्ड स्तर तक काम लगातार और तेजी से किए जाने की जरूरत है। इसको लेकर बेहद अहम चर्चा की है। अनूप गुप्ता ने कहा कि यह एक रूटीन समीक्षा बैठक थी। इस बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष मोर्चो के

पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं। मोर्चे की गतिविधियों को और तेज धार देने के लिये बैठक कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष आज पूरा दिन संगठनात्मक, समीक्षात्मक तौर पर बैठक कर रहे हैं। बता दें, यूपी नगर निकायों के वार्डों के लिए जारी किए गए आरक्षण रोस्टर पर कानूनी लड़ाई को लेकर शुक्रवार का दिन अहम रहा है। कोर्ट ने इस मामले पर दोनों पक्षों की दलालों पर सुनवाई करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया है। नगर निकाय चुनाव को लेकर हाई कोर्ट 27 दिसंबर को कोर्ट फैसला सुना सकता है। उधर, बीजेपी निकाय चुनाव को लेकर एकदम तैयार है। इसी को लेकर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने क्षेत्रीय अध्यक्षों के साथ-साथ मोर्चे के पदाधिकारियों के साथ भी बैठक कर रहे हैं। पार्टी एक बार फिर प्रदेश में अपनी मजबूत स्थिति को प्रदर्शित करने की कोशिश दिख रही है।

पचास साल बाद चंद्रमा पर पहुंचेंगे आदमी के कदम

वॉशिंगटन, 26 दिसंबर (वार्ता)। नासा के मिशन से लेकर चंद्रमा के रहस्य का पता लगाने में लगे निजी अंतरिक्ष यानों की वजह से मानव जाति चंद्रमा के और निकट पहुंच रही है। साल 2023 और 24 में मनुष्य को चंद्रमा की सतह पर भेजने का प्रयास जारी है। आर्टेमिस-1 मिशन के दौरान 28 नवंबर को ओरियन अंतरिक्ष यान पृथ्वी से अपनी अधिकतम दूरी पर पहुंच गया, जब यह हमारे ग्रह से 268,563 मील दूर था। नासा के मानव अंतरिक्ष यान कार्यक्रमों के लिए उपलब्धियों के बीच एजेंसी ने पहली बार अपने स्पेस लॉन्च सिस्टम रॉकेट को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ने बूस्टर सेगमेंट का निर्माण पूरा कर लिया है और आर्टेमिस मिशन-3 के लिए कैनेडी को इंजन सेक्शन दिया है, जिसमें 50 से अधिक वर्षों के बाद मानवता की चांद की सतह पर वापसी होगी और पहली महिला चंद्रमा पर कदम रखेगी। एजेंसी ने कई प्रमुख आर्टेमिस मील के पत्थर भी पूरे किए हैं, जो न केवल चांद की सतह पर मानव वापसी सुनिश्चित करेंगे।

कोरोना के शिकार प्रेस फोटोग्राफर राशिद खान की पत्नी को दस लाख मिले

मुजफ्फरनगर, 26 दिसंबर (बु.)। कोरोना के चलते दिवंगत शहर के फोटो जर्नलिस्ट राशिद खान की पत्नी को मुख्यमंत्री ने दिया 10 लाख की सहायता राशि का चेक प्रदान किया है। लखनऊ में गत दिवस मुख्यमंत्री आवास पर कोविड-19 से दिवंगत 53 पत्रकारों के परिजनों को 5.30 करोड़ रुपयों की सहायता राशि के चेक वितरित किये गये। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 53 दिवंगत पत्रकारों के परिजनों को चेक सौंपे। इन 53 पत्रकारों मे जनपद के दिवंगत पत्रकार वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट राशिद खान की पत्नी को भी मुख्यमंत्री ने 10 लाख की सहायता राशि का चेक सौंपा है। राशिद की विगत कोरोना लहर के दौरान कोरोना से ग्रसित होने के बाद दुखद मौत हो गई थी।

सड़क हादसों में महिलाओं सहित कई घायल

मुजफ्फरनगर, 26 दिसम्बर (बु.)। अलग-अलग सड़क हदसों में महिलाओं सहित कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शहर कोतवाली क्षेत्र के शाहबुद्दीनपुर रोड निवासी सौरभ ने नई मंडी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी माता भोपा रोड स्थित स्वास्तिक फैक्ट्री में नौकरी करती है। बीती 22 दिसंबर को वह अपनी सहेली के साथ स्कूटी पर सवार होकर लौट रही थी। जैसे ही वह भोपा रोड पर टिहरी धर्मकांटा के सामने पहुंची, तो पीछे से ट्रक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में उसकी माता और सहेली घायल हो गए। चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। उधर, गाजियाबाद के गोविंदपुरम निवासी अंकित ने नई मंडी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि रविवार को वह गाड़ी में सवार होकर स्वजनों के साथ मसूरी से लौट रहा था। हाईवे पर पीछे से ट्रक ने गाड़ी में टक्कर मार दी। हादसे में वह लोग बाल बाल बचे, जबकि गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

कांशीराम आवास में अवैध वसूली व कब्जे पर एफआईआर

मुजफ्फरनगर, 26 दिसम्बर (बु.)। सरकारी आवासों में मिल रही तमाम शिकायतों के बीच में सोमवार को जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) के परियोजना अधिकारी सतीश गौतम ने संज्ञान लेते हुए दोषियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीडी डूडा सतीश गौतम के अनुसार प्रकाश में आए इस मामले में कांशीराम आवास विकास स्थित आवास संख्या 19/229 के मूल आवंटी मेमवती पत्नि सूरज निवासी खादरवाला के नाम आवंटित है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में इस आवास में चॉद बीबी पत्नि अकबर रह रही है, जिसे मेमवती व शहजाद पुत्र जाफर ने सरकारी योजना में अवैध रूप से वसूली के साथ ही कब्जे के आशय से पैसे लेकर मकान दिलवाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। उनका कहना है कि उक्त मामले में बाद में चॉद बीबी के द्वारा पूरे पैसे न देने के कारण उक्त आवास पर जबरन अपना ताला लगा दिया है। चांद बीबी द्वारा लगाये गये आरोप में मेमवती व शहजाद का सरकारी योजना में धोखाधड़ी करने एवं अवैध वसूली व कब्जे में संलिप्त होना पाया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में जिलाधिकारी के आदेश पर उपरोक्त लोगों के विरुद्ध जरुरी कार्यवाही करते हुए पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई गई। परियोजना अधिकारी सतीश गौतम ने बताया कि डीएम के निर्देश पर सोमवार को उनके द्वारा थाना सिविल लाईन में मुख्य रूप से आवास की आवंटी के रूप में मेमवती पत्नि सूरज निवासी खादरवाला के साथ शहजाद पुत्र जाफर कांशीराम आवास विकास कॉलोनी पर एफआईआर संख्या 0450 दर्ज कर सुसंगत धाराओं में 447, 420, 406 में पंजीकृत किया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही अन्य लोगों की जांच के लिए अभियान चलाया जाएगा, ताकि अपात्रों को चिन्हित करते हुए पात्रों को योजना का लाभ दिया जा सके।

सहारा के सुब्रत रॉय से होगी वसूली, बैंक और डीमैट खातों को कुर्क करने का आदेश

नई दिल्ली, 26 दिसंबर (वार्ता)। सहारा ग्रुप के प्रमुख सुब्रत रॉय की मुश्किलें बढ़ गई हैं। मार्केट रेगुलेटर सेबी ने ओएफसीडी जारी करने में नियमों का उल्लंघन के मामले में सहारा ग्रुप की एक कंपनी, सुब्रत रॉय एवं अन्य अधिकारियों से 6.42 करोड़ रुपये की वसूली के लिए उनके बैंक एवं डीमैट खाते कुर्क करने का आदेश दिया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने अपने आदेश में कहा कि ऑप्शनली फुली कनवर्टीबल डिबेंचर जारी करने में सहारा ग्रुप से जुड़े पांच लोगों के खिलाफ कुर्की की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। उनसे जुमार्ना और ब्याज समेत सभी मदों में कुल 6.42 करोड़ रुपये की वसूली होनी है। कुर्की का आदेश सहारा इंडिया रियल एस्टेट कॉरपोरेशन (अब सहारा कमोडिटी सर्विसेज कॉरपोरेशन), सुब्रत रॉय, अशोक रॉय चौधरी, रविशंकर दुबे और वंदना भार्गव के खिलाफ दिया गया है।

शामली में भी ठंड से जनजीवन मुहाल, लोगों को नहीं मिल रही राहत

शामली, 26 दिसम्बर (बु.)। इन दिनों पड़ रही कड़ाके की ठंड़ ने जनजीवन बुरी तरह मुहाल करके रख दिया है। आसमान में कोहरा छाए रहने व धूप न निकलने से ठिठुरन पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। गलन भरी सर्दी से लोग घरों से बाहर निकलने से कतरा रहे हैं। ठंड़ के कारण लोगों के हाथ-पांव भी सुन्न पड़ गए हैं, अलाव भी ज्यादा राहत नहीं दे पा रहे हैं। सोमवार को भी घने कोहरे व कड़ाके की ठंड ने आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित रहा। बाजारों में चहल-पहल भी कम ही रही। जानकारी के अनुसार पिछले कई दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड़ के चलते जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। सुबह के समय घने कोहरे व कड़ाके की ठंड के कारण लोग घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। वाहन चालकों को भी लाइट जलाकर चलना पड़ रहा है। शीतलहर ने अपना जबरदस्त प्रकोप बना रखा है, जिससे लोग मुहाल हो गए हैं। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर मैदानी क्षेत्रों में भी खूब नजर आ रहा है। खेतों में फसलों पर पाला साफ नजर आ रहा है। सोवार को भी घने कोहरे व कड़ाके की ठंड से जनजीवन अस्त-व्यस्त नजर आया।

सुबह के समय घना कोहरा छाया रहने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। कोहरे के कारण कुछ दूरी का भी साफ नजर नहीं आ रहा था। सर्दी से बचाव के लिए लोग अलाव पर हाथ ताप रहे हैं, लेकिन सर्दी से राहत नहीं मिल पा रही है। बाजारों में भी भीड़भाड़ भी कम ही नजर आ रही है। ग्राहकों के न आने के कारण दुकानदार भी हाथ पर हाथ धरे बैठे हुए हैं। ठंड के कारण लोगों के हाथ-पांव भी सुन्न पड़ रहे हैं। वहीं सुबह के समय छोटे-छोटे बच्चों को भी ठिठुरते हुए स्कूल जाना पड़ा। कई अभिभावक अपने बच्चों को खुद स्कूल छोड़ने पहुंचे।

तीन दिन से लापता युवक का शव खेत से बरामद

▸▸ चेहरे पर चोट के निशान, नग्न अवस्था में पड़ा था शव ▸▸ परिजनों ने गांव के ही युवक पर लगाया हत्या का आरोप, दी तहरीर ▸▸ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा

थानाभवन, 26 दिसम्बर (बु.)। क्षेत्र के गांव भैंसानी से पिछले तीन दिनों से लापता युवक का शव गांव फूंसगढ़ के जंगल में एक गन्ने के खेत से नग्न हालत में बरामद हुआ। युवक के चेहरे पर ईंटों से प्रहार किए गए थे। सूचना मिलते ही थानाभवन पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों ने गांव के ही एक युवक व उसके साथी पर घर से बुलाकर पुत्र की हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है। पुलिस ने दोनों आरोपितों को हिरासत में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार थानाभवन क्षेत्र के गांव भैंसानी निवासी नाजिम 23 दिसम्बर को संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गया था। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की थी, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पा रहा था, जिसके बाद परिजनों ने थानाभवन थाने पर नाजिम की गुमशुदगी की तहरीर दी थी। पुलिस युवक की तलाश में जुट गयी थी। रविवार की देर रात पुलिस को सूचना मिली कि गांव फूंसगढ़ के जंगल में स्थित गन्ने के एक खेत में किसी युवक का नग्न अवस्था में शव पडा हुआ है। सूचना मिलते ही थानाभवन पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को

कब्जे में ले लिया। पुलिस की सूचना पर नाजिम के परिजन भी मौके पर पहुंचे तथा मृतक की शिनाख्त नाजिम के रूप में की। मृतक के चेहरे पर भी खून के निशान थे, जिससे आशंका जताई जा रही है कि हत्यारों ने ईंटों से प्रहार कर उसका चेहरा बिगाड़ने का भी प्रयास किया है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं देर रात ही एएसपी ओपी सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। सोमवार को मृतक के परिजन थानाभवन थाने पहुंचे तथा गांव के ही एक युवक मारूफ व एक अन्य पर नाजिम को घर से बुलाकर ले जाने के बाद उसकी हत्या करने का आरोप लगाया। परिजनों का कहना था कि नाजिम का उक्त युवक के साथ पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था और उसी ने ही नाजिम की हत्या की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित मारुफ व उसके साथी अकरम को हिरासत में ले लिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि उनका कमेटी के पैसों को लेकर नाजिम से विवाद था, इसी के चलते उन्होंने उसकी हत्या की साजिश रची। वहीं एसएसपी अभिषेक ने सोमवार को थानाभवन थाने पहुंचकर घटना की जानकारी ली। एसएसपी ने बताया कि हिरासत में लिए गए दोनों आरोपितों का मृत नाजिम से लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था, इसके चलते दोनों ने 23 दिसम्बर को नाजिम को घर से बुलाकर अपने साथ ले गए और एक खेत में ले जाकर उसकी हत्या कर दी व पहचान मिटाने के उद्देश्य से उसके चेहरे पर ईंटों से भी प्रहार किए साथ ही उसके कपड़े भी खुर्द बुर्द कर दिए। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मृतक का मोबाइल भी बरामद किया है, साथ ही खुर्दबुर्द किए गए कपडों की भी तलाश कर रही है।

कक्षा 1 से 8 तक स्कूलों में तीन दिन का अवकाश

▸ 27 व 28 के अलावा गुरु गोविन्द सिंह जयंती पर रहेगा अवकाश

शामली, 26 दिसम्बर (बु.)। कड़ाके की ठंड, शीतलहर व कोहरे को देखते हुए डीएम जसजीत कौर ने कक्षा 1 से 8 तक के सभी बोर्डों के मान्यता प्राप्त स्कूलों में 27 से 29 दिसम्बर तक अवकाश घोषित किया है। 30 दिसम्बर को स्कूल यथावत खुलेंगे। डीएम जसजीत कौर ने कड़ाके की ठंड, शीतलहर व कोहरे के चलते छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जनपद के कक्षा 1 से 8 तक के सभी बोर्डों के मान्यता प्राप्त स्कूलों में 27, 28 दिसम्बर के अलावा 29 दिसम्बर को गुरू गोविन्द सिंह जयंती पर अवकाश घोषित किया है। डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भी आदेशों का अनुपालन कराए जाने के निर्देश दिए। बीएसए राहुल मिश्रा ने बताया कि डीएम के निर्देश पर जनपद के कक्षा 1 से 8 तक के संचालित परिषदीय, सहायता प्राप्त एवं समस्त बोर्डों के मान्यता प्राप्त एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में 27 व 28 दिसम्बर का अवकाश घोषित किया गया है। इस दौरान पूर्व में गतिमान प्रशिक्षण आदि कार्यक्रम संचालित होते रहेंगे।

होटल की पार्किंग से बुलेट बाइक चोरी

मुजफ्फरनगर, 26 दिसम्बर (बु.)। अज्ञात बदमाश एक होटल की पार्किंग से बुलट बाइक चोरी कर ले गए। सिविल लाइन थानाक्षेत्र के महावीर चौक स्थित सेवन स्काई होटल के मालिक कपिल कुमार ने सिविल लाइन थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि बीती 24 दिसंबर को उसके भाई की बुलेट होटल की पार्किंग में खड़ी थी। इसी बीच किसी ने बुलेट चोरी कर ली। चोर सीसीटीवी में कैद हो गया। कपिल कुमार का कहना है कि पांच छह माह पूर्व भी होटल से जनरेटर का डेढ़ लाख रुपये का तार चोरी हो गया था। प्रतीत होता है कि बुलेट चोरी करने वाले ने ही तार चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

बंदी की अस्पताल में मौत

मुजफ्फरनगर, 26 दिसम्बर, (बु.)। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान जिला कारागार के बंदी की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। बंदी के परिजनों को इस सम्बंध में जानकारी दी गयी है। जेलर कमलेश सिंह त्रिपाठी ने बताया कि थाना शाहपुर क्षेत्र के गांव तावली निवासी बंदी इसराइल (65) जानलेवा हमले के मामले में 3 जून को जिला कारागार में आया था। पिछ्ले काफी समय से बंदी बीमार चल रहा था। उसके मुंह से कई बार खून आने पर उसका उपचार मेरठ व दिल्ली के अस्पताल में हो चुका है। सोमवार को अचानक बंदी की हालत बिगड़ गयी। उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

अदालत के आदेश न मानने पर मुकदमा दर्ज

मुजफ्फरनगर, 26 दिसम्बर (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र के दक्षिणी कृष्णापुरी निवासी शहजाद के खिलाफ नई मंडी कोतवाली में मुकदमा दर्ज है। काफी समय से वह फरार चल रहा है। फरारी के चलते कोर्ट ने उसके गैर जमानती वारंट जारी कर दिए थे, लेकिन वह कोर्ट में पेश नहीं हुआ। इसके बाद कोर्ट ने धारा-82 की कार्रवाई के नोटिस जारी कर 21 दिसंबर तक उसे कोर्ट में पेश करने के आदेश दिए थे। बावजूद इसके वह कोर्ट में पेश नहीं हुआ। इसके चलते गांधी कॉलोनी चौकी इंचार्ज विपुल कुमार ने शहजाद के खिलाफ कोर्ट की अवमानना का मुकदमा दर्ज कराया है।

संयुक्त आबकारी आयुक्त ने गोदामों और दुकानों पर मारा छापा

मुजफ्फरनगर, 26 दिसंबर (बु.)। संयुक्त आबकारी आयुक्त मेरठ जोन की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन कर अधिकारियों को अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए साथ में गोदामों का भी निरीक्षण किया गया। औचक रूप से देशी मदिरा एवम बियर के गोदाम का निरीक्षण किया गया तदोपरांत आबकारी दुकानों का निरीक्षण किया गया। विदेशी मदिरा दुकानों पर प्रीमियम ब्रांड की पर्याप्त उपलब्धता पायी गयी। जिस पर उनके द्वारा संतोष जाहिर किया गया। अनुज्ञापियों/विक्रेताओं को डाईलूशन और ओवर रेट न करने हेतु कड़ी चेतावनी जारी की गई। संयुक्त आबकारी आयुक्त, मेरठ जोन मेरठ की अध्यक्षता में जनपद की मीटिंग ली गई. मीटिंग में जिला आबकारी अधिकारी एवम समस्त आबकारी निरीक्षक उपस्थित रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि उच्च कोटि का प्रभावी प्रवर्तन कार्य सुनिश्चित किया जाए, ओवर रेट पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जाए। सभी निरीक्षकों को क्षेत्र मे भ्रमण करने एवं मांगे जाने पर लोकेशन भेजनी पड़ेगी, राजस्व की शत प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित की जाए, मदिरा की आपूर्ति पर सतत दृष्टि बनाए रखें और निरीक्षक अपनी कार्यशैली में गुणात्मक सुधार करें।

1995 बैच के आईएएस अधिकारी संतोष कुमार यादव होंगे एन.एच.ए.आई. प्रमुख

नई दिल्ली, 26 दिसंबर (वार्ता)। वरिष्ठ आईएएस संतोष कुमार यादव को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उत्तर प्रदेश कैडर के 1995 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी वर्तमान में शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग में अतिरिक्त सचिव हैं। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश के अनुसार, उन्हें एनएचएआई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस बीच हिमाचल प्रदेश कैडर के 1997 बैच के आईएएस अधिकारी सुभाषिश पांडा को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। गंजी कमला वी राव को मुख्य कार्यकारी अधिकारी, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय का जिम्मा सौंपा गया है। केरल कैडर के 1990 बैच के आईएएस अधिकारी राव वर्तमान में भारत पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हैं। वहीं, हितेश कुमार एस मकवाना को गृह मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है। आदेश में कहा गया है कि हिमाचल प्रदेश कैडर के 1997 बैच के आईएएस अधिकारी रजनीश सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव और विकास आयुक्त होंगे। लेफ्टिनेंट जनरल अरविंद वालिया को भारतीय सेना का अगला इंजीनियर-इन-चीफ नियुक्त किया गया है। वह लेफ्टिनेंट जनरल हरपाल सिंह का स्थान लेंगे, जो 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। भारतीय सेना के अधिकारी ने यह जानकारी दी है।

एक के चक्कर में फूंक दी बीस से अधिक गाड़ियां

नई दिल्ली, 26 दिसंबर (वार्ता)। अपने घर के पास रहने वाले शख्स से किसी बात पर हुए झगड़े का बदला लेने के लिए एक युवक ने राजौरी गार्डन, सुभाष नगर स्थित एमसीडी की मल्टीलेवल पार्किंग में खड़ी उसकी कार में आग लगा दी। आग भड़क उठी, जिसने वहां खड़ी 20 से अधिक गाड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। आरोपी यहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया, जिसे बाद में पकड़ लिया गया। आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की सात गाड़ियों को मौके पर भेजा गया।

दलितों ने मांगा न्याय, डीएम दरबार में दी दस्तक

▸▸ बीते माह दलित युवक की हो गई थी सड़क पर मौत ▸▸ दलितों ने गांव के ही कुछ लोगों के विरुद्ध दी थी तहरीर

मुजफ्फरनगर, 26 दिसम्बर (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लकड़संधा में एक युवक की मौत को लेकर गांव के दलित व कश्यप समाज आमने-सामने आने के साथ एक दूसरे पर तमाम तरह के आरोप-प्रत्योरोप लगाए जा रहे हैं। इस मामले में जिम्मेदारों की चुप्पी गांव में कोई बवाल न करा दे, इसकी लगातार आशंका बढ़ती जा रही है। सोमवार को इसी मामले में गांव के दर्जनों की संख्या में डीएम कार्यालय पर पहुंचे दलितों ने प्रशासन से हत्या मामले में दोषियों की गिरफ्तारी किए जाने के साथ पीड़ित पक्ष पर लगे झूठे मुकदमें को हटाए जाने की मांग की है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव लकड़संधा निवासी